Fourth Series, No.28

Wednesday, March 26, 1969
Chaitra 5, 1891 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

Seventh Session
(Fourth Lok Sabha)

LOK SABHA SECRETARIAT

New Delhi

CONTENTS

No. 28, -Wednesday, March 26, 1969 / Chaitra 5, 1891 (Saka).

	COLUMNS
Oral Answers to Questions-	
*Starred Questions Nos. 723, 724 and 727	1-33
Short Notice Question No. 10	34-45
Written Answers to Questions-	
Starred Questions Nos. 721, 722, 725, 726 and 728 to 750	45-64
Unstarred Questions Nos. 4409 to 4431, 4434 to 4501 4503 to 4513, 4575 to 4521, 4523 to 4526, 4528 to 4538	64-159
Calling Attention to matter of Urgent Public Importance- Firing by Central Reserve Police Force on the Security Personnel of Durgapur Steel Plant. ...	159-72
Matter under Rule 377	173-75
Voting on Constitution (Twenty-second Amendment) Bill...	
Paper Laid on the Table ...	176-77
Message from Rajya Sabha	177
Committee on Private Members Bills-and Resolutions— Forty-sixth Report.	177
Estimates Committee— Seventy-eighth Report	177-78
Lok Pal and Lok Ayuktas Bill-	
Report of-Joint Committee; ...	178
Evidence; and ...	178
Memoranda ...	178
Demands for Grants- ...	178-333
Ministry of Home Affairs ...	178-333
Shri Lobo Prabhu	200-09
Dr. Govind Das ...	209-16
Shri S. Kandappan ...	216-25
Shri Rane ...	225-29
Shri Ram Gopal Shalwale ...	229-36

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the question was actually asked on the floor of the House by that Member.

COLUMNS

Shri Ganga Reddy 236–54
Shri Nihal Singh 254–58
Shri Sitaram Kesri 258–65
Shri Abdul Gani Dar 265–83
Shri Kushok Bakula 283–91
Shri Tenneti Viswanatham 291–96
Shri Virbhadra Singh 296–303
Shri Kedar Paswan 303–07
Shri P. Mandal 307–10
Shri Prakash Vir Shastri 310–19
Shrimati Ila Palchoudhuri 319–24
Shrimati Lakshmikanthamma 324–30
Shri Randhir Singh ... 330–33

Half-An-Hour Discussion
Income-Tax-Appelate Tribunal
for Mysore ... 333–50
Shri Beni Shanker Sharma .. 333–39
Shri M. Yunus Saleem ... 339–50

LOK SABHA

Wednesday, March 26, 1969/Chaitra 5, 1891 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

MR. SPEAKER : The House will now take take up Questions-Dr. Sushila Nayar–

AN HON. MEMBER :She is not present.

MR. SPEAKER : Shri A. Sreedharan -

AN HON. MEMBER : He is also not present.

MR. SPEAKER : Shri Lakkappa - not present. We will take the next Question-Shri Sudarsanam -

AN HON. MEMBER : Not present.

MR. SPEAKER : Next Question – Shri J. B. Singh - Shri Shri Chand Goyal - Shri Onkar Singh - Shri Sharda Nand -

SHRI SHARDA NAND : Question No. 723.

THE DEPUTY MINISTER (SHRIMATI NANDINI SATPATHY) : (a) It is true that some States are not quite satisfied . . . . .

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Where is the Prime Minister ?

SHRI S. K. TAPURIAH: The Deputy Minister can read the answer but the Prime Minister should be present. The Deputy Minister has been doing it all along but not in the absence of the Prime Minister.

श्री कंवर लाल गुप्त : रिशफलिंग के बाद यह पहला मौका है, प्रधान मंत्री को स्वयं आकर जवाब देना चाहिए था ।

SHRI PILOO MODY : We were wondering whether there had been a reshuffle overnight.

श्री मधु लिमये : उनका तो पार्लमेन्ट से कोई ताल्लुक ही नहीं है । कभी आती नहीं, कभी बोलती नहीं । कल इतना कुछ हो गया फिर भी उन का पता नहीं है । . . . अब आ रही है ।

MR. SPEAKER : The hon. Deputy Minister may repeat the answer.

PLAN CEILINGS FOR STATES

+

*723. SHRI SHARDA NAND :
SHRI J. B. SINGH :
SHRI SHRI CHAND GOYAL :
SHRI ONKAR SINGH :
SHRI BAL RAJ MADHOK :
SHRI HARDAYAL DEVGUN :
SHRI D. C. SHARMA :

Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some States

have shown their unhappiness with Plan ceiling and if so, their names;

(b) whether it is also a fact that some of these State Governments have written about it to the Centre ; and

(c) if so, the details thereof and the action taken by Government thereon ?

THE DEPUTY MINISTER (SHRIMATI NANDNI SATPATHY) : (a) It is true that some States are not quite satisfied with the size of their State Plans as suggested by the Planning Commission.

(b) and (c). There is correspondence between the Centre and the States on the subject and the Plan outlays will be finalised only after the meeting of the National Development Council.

श्री शारदा नन्द : मन्त्री महोदय बतायेंगे कि योजनाओं में राज्यों के खर्चे की सीमा निर्धारित करने के लिए सरकार ने क्या क्या आधार बनाये थे और किन किन राज्यों को क्या क्या निर्देश दिये गये थे ?

वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : राज्य सरकारों ने जो अपने स्टेट प्लान बनाकर भेजे थे उनके सम्बन्ध में यह निर्देश दिये गये थे कि रेट आफ ग्रोथ इतना होना चाहिए, एग्रीकल्चर और दूसरी बातों पर इतना इतना जोर देना चाहिए । उसके आधार पर राज्य सरकारों ने अपने प्लान बनाये । उसमें केन्द्रीय सहायता कितनी दी जायेगी, यह उनको बताया गया और वे स्वयं अपने प्रदेश में कितने रिसोर्सेज़ बढ़ायेंगे इसका भी जिक्र था । इसी के आधार पर प्लान बनाने की बात हुई ।

श्री शारदा नन्द : अभी मन्त्री महोदय ने अपने उत्तर में बताया कि कुछ राज्यों से पत्र-व्यवहार चल रहा है तथा इस प्रश्न में एक बात स्पष्ट रूप से पूछी गई थी कि किन किन राज्यों ने अपनी अप्रसन्नता प्रगट की है लेकिन मन्त्री महोदय ने उन राज्यों के नाम नहीं बताये हैं, अतः मैं जानना चाहता हूं कि किन किन राज्यों से पत्र-व्यवहार चल रहे हैं, किन किन राज्यों के उत्तर आ गए हैं तथा उनके नाम क्या हैं ?

श्री ब० रा० भगत : करीब करीब सभी राज्यों ने अपनी नाखुशी जाहिर की है कि वे इससे संतुष्ट नहीं है और खासकर दो राज्यों – उड़ीसा और वेस्ट बंगाल–ने लिखा भी है ।

श्री बलराज मधोक : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मुझे यह कहना है कि जो प्रश्न दिये जाते हैं पेपर पर उनका कम से कम पूरा उत्तर मिलना चाहिए ताकि फिर उसके ऊपर सप्लीमेन्टरी पूछे जा सकें, मूल प्रश्न ही सप्लीमेन्टरी के रूप में पूछना पड़े, यह बात मुनासिब नहीं है ।

मैं जानना चाहता हूं क्या यह सत्य है कि आपने प्लान पर विचार करते हुए कुछ प्रान्तों को विशेष स्थिति दी है कि वे अपने रिसोर्सेज़ को चाहे रेज करें या न करें जिसमें जम्मू कश्मीर, नागालैंड, उड़ीसा,राजस्थान भी शामिल हैं . . . (**व्यवधान**) . . . मैं पहले यही जानना चाहूँगा कि आप बताइये वे कौन कौन स्टेट है ? और क्या यह सत्य है कि दिल्ली पूरे देश की राजधानी है जहां की रेट आफ ग्रोथ इस समय दुनिया में हायस्ट है और उसके बारे में आपने जो प्लान बनाया है जबकि दिल्ली प्रदेश के अन्दर आबादी जो है उसकी ग्रोथ फोर हन्ड्रेड परसेन्ट है जोकि दुनिया में और कोई नहीं है और यहां पर मिनिमम सोशल सर्विसेज़ के लिए मिनिमम फंड्स को ध्यान में रखकर दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन ने चार सौ करोड़ का प्लान बनाया था, दिल्ली मेट्रोपोलिटन कौंसिल ने 225 करोड़ का प्लान यूनानिमसली पास किया और उसको सभी पार्टीज़ के पास भेजा परन्तु प्लानिंग कमीशन के अन्दर जो वर्किंग ग्रुप है उसने 217 करोड़ का प्लान ही माना और फिर आपने जो प्लान बनाया है उसमें दिल्ली को

155 करोड़ ही दिए हैं और अगर पर-कैपिटा के हिसाब से या पिछले डेवलपमेन्ट के हिसाब से, उसी आधार पर चला गया तो दिल्ली के अन्दर जो आज एमिनिटीज हैं, सोशल सर्विसेज हैं वह भी मेनटेन नहीं हो पायेंगी और जब दिल्ली प्रशासन ने कहा कि अगर आप अधिक नहीं दे सकते हैं तो जो हम एकोनामी करें या जो और अधिक रिसोर्सेज रेज करें उसे दिल्ली के डेवलपमेन्ट में इस्तेमाल करने के लिए दिया जाये लेकिन उस बात को भी आप नहीं मानते हैं – इसकी वजह से आज दिल्ली के अन्दर बड़ी बेचैनी है और दिल्ली के कुछ मेम्बर्स ने फाइनेन्स मिनिस्टर के घर के सामने धरना भी दिया था तो मैं जानना चाहता हूँ कि चूंकि दिल्ली का केस जेनुइन है इसलिए इस केस में नागालैंड, आसाम, जम्मू कश्मीर, इन प्रान्तों के साथ, जबकि यह राजधानी भी है, इसके लिए स्पेशल कंसीड्रेशन करेंगे और जो उनकी मांगे हैं कि जो अधिक रिसोर्सेज हम पैदा करें वह दिल्ली के डेवलपमेन्ट पर खर्च करने के लिए दिया जाये, उसको पूरा करेंगे ?

श्री ब०रा० भगत: माननीय सदस्य ने ठीक कहा है, नेशनल डेवलपमेन्ट कौंसिल की जो कमेटी बनी उसमें सभी मुख्य मन्त्री थे उन्होंने, प्रदेशों के प्लान के लिए जो केन्द्रीय सहायता दी जाये, उसके सम्बन्ध में एक तजवीज रखी और उसमें उनकी सिफारिश यह भी थी कि कुछ प्रदेश जैसे जम्मू कश्मीर या नागालैंड वगैरह जो हैं, उनको एक खास तरह से सहायता दी जाये। यह उनकी सिफारिश थी और इसके अलावा और भी सिफारिशें थी जिनको केन्द्रीय सरकार ने मान लिया और उन्हीं सिफारिशों के आधार पर, राज्यों को जो सहायता दी जाती है वह दी जायेगी।

जहां तक दिल्ली का सवाल है, माननीय सदस्य स्वयं जानते हैं कि दिल्ली यूनियन टेरीटरी है। यूनियन टेरिटरीज के लिए दूसरा ही तरीका है। इनके सम्बन्ध में जो प्लान बनेगा उसमें रिसोर्सेज के अलावा जितना डेफिसिट होगा वह केन्द्रीय सरकार देगी। अब दिल्ली चूंकि राजधानी है और यहां की आमदनी भी देश में सबसे ज्यादा है और साथ ही साथ खर्चा भी सबसे ज्यादा है, इन्वेस्टमेन्ट भी ज्यादा है – आज अगर उस हिसाब से देखेंगे, पर-कैपिटा इन्वेस्टमेन्ट देखेंगे या पर-कैपिटा इनकम देखेंगे तो दिल्ली में सबसे ज्यादा है-लेकिन इस बात का सवाल जरूर किया जायेगा कि दिल्ली की जो एमिनिटीज है उनका प्राविजन, जो प्लान बना है, उसमें हो सके।

श्री बलराज मधोक : वह अपने रिसोर्सेज रेज करें और एकोनामी करें तो उस पैसे को दिल्ली के डेवलपमेन्ट पर इस्तेमाल करने की इजाजत आप देंगे ?

श्री ब० रा० भगत : यह सिफारिश आई है कि वे अपने रिसोर्सेज बढ़ायें तो प्लान बढ़ाने की इजाजत दी जाये – उसपर विचार किया जा रहा है।

SHRI P. K. DEO : It is a fact that the Government of Orissa while expressing their dissatisfaction over the allotment for the Fourth Five Year Plan have suggested that the payment liability of Rs. 138 crores of Central dues, for which the extravagance of previous Government and bad workmanship are primarily responsible, be suspended for the time being and as Orissa contains 48 per cent of Scheduled Castes and Scheduled Tribes--my hon. friend Shri Chanda over there will bear me out -some special allotment should be made outside the ceiling of the Plan ?

SHRI B. R. BHAGAT : State dues or debt services are matters which are considered by the Finance Commission. As for extravagance, it is a matter of history that during that period the rate of growth in that State was high.

SHRI P. K. DEO:The Khanna Commission has given its own view about the performance of that State. Anyhow, the latter

part of my question has not been answered. What about special provision outside the ceiling of the plan for Scheduled Castes and Tribes.

SHRI B. R. BHAGAT : There is provision for Scheduled Castes and Tribes in the Plan. There cannot be anything outside the Plan ceiling for any particular State.

SHRI P. K. DEO : But in Orissa 48 per cent of the people belong to that category.

श्रीमती सुशीला रोहतगी: यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश को पहली पंचवर्षीय योजना में कोई सहायता नहीं मिली और दूसरी व तीसरी पंचवर्षीय योजना में पर कैपिटा इनवैस्टमेंन्ट सब प्रदेशों से कम है और यह बात देखते हुए कि डेंसिटी आफ पापूलेशन सबसे अधिक है और यह भी कि वहां की विशेष समस्याओं को देखते हुए पटेल आयोग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में अपनी कुछ सिफारिशें भी दी हैं और उस पहाड़ी इलाके में, उत्तर काशी में काफी गरीबी है तो इन बातों को देखते हुए क्या उत्तर प्रदेश को ज्यादा केन्द्रीय सहायता मिलेगी और यह जो फोर्थ फाइव इयर नया प्लान आ रहा है उस में विशेष कर कोई विशेष सहायता उत्तरप्रदेश के लिए भारत सरकार देने के बारे में सोचेगी ?

श्री ब० रा० भगत : जो सिफारिशें की गई थीं उन में यह भी था कि चूंकि इस प्रदेश की आमदनी नेशनल एवरेज से कम है इसलिए वहां उनको सैंट्रल पूल से 10 परसैंट ज्यादा देने के बारे में विचार किया जाय । यह भी कहा गया था कि जहां तक स्पेशल प्राबलम्स का ताल्लुक है तो उन के बारे में भी ख्याल किया जायेगा । यह बात उत्तरप्रदेश पर भी लागू होती है ।

SHRI P. GOPALAN : It is a sad commentary on the technique and strategy of planning in this country that even after 18 years of planning regional imbalances are still being perpetuated and the per capita income in many of the States is far below the all India average. This warrants a radical change in the policies and programmes of planning. In this connection, I would like to know from the hon. Minister whether the Kerala Chief Minister, who happens to be the Chairman of the State Planning Board, has submitted an alternative Fourth Plan to the Government. If so, what are the salient features of it ?

SHRI B. R. BHAGAT : The question of regional imbalance was taken up in the Third Plan. Then the Patel Committee was set up to consider the strategy of development for promoting and stimulating the rate of growth in areas which were submerged or which were not developed over the previous plan periods. This process has been taken care of in the present plan. The problem of regional imbalance is a very important one, concerning as it does all sides of the House irrespective of party affiliations. But it has to be tackled over a period of time; it cannot be tackled in a day. Every effort is being made to tackle it. As for the alternative plan suggested by the Kerala Chief Minister, it has been received and it will be considered by the National Development Council. As for the report of that Plan, I think the hon. Member must have seen that report.

SHRI ANANTRAO PATIL: May I know whether the Government of Maharashtra have expressed their willingness to raise Rs. 450 crores for plan expenditure besides the Central allotment ? If so, may I know whether it is not the largest amount that a State is going to raise ?

SHRI B. R. BHAGAT : The record of the Maharashtra Government for raising resources is very creditable.

SHRI S. KANDAPPAN : Thanks to the mismanagement of the financial affairs of this country by this government, now a stage has come where every State feels that it is not getting its due share. While making allocations, I would like to know from the government whether they will take into consideration the past performance of a State also - I am putting it in a general way and

not referring to any particular State-because we know from record of past performance that there are some States which are not able to make the maximum utilisation of the finances that are vested in them while there are other States which are able to give a good performance. In order to give incentive and create healthy competition among the States for the national growth of the economy in *toto*, may I know whether the government would take into consideration and give some kind of percentage for their past performance.

SHRI B. R. BHAGAT : I think, in this report in the allocation of resources this aspect is also taken into consideration.

श्री चन्द्रजीत यादव : अभी माननीय मंत्री ने अपने प्रश्न के उत्तर में बतलाया कि जो क्षेत्रीय असन्तुलन है उस बारे में पटेल कमिशन की स्थापना की गई थी। उस में इस बात पर विचार किया गया था। मैं सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूँ कि उत्तरप्रदेश का पूर्वी अंचल जिसमें बनारस, गोरखपुर और फैजाबाद के डिवीजन आते हैं और उस में लगभग पौने दो करोड़ की आबादी है। उस क्षेत्र की स्थिति यह है कि फी कस आमदनी 200 रुपये से भी कम है जबकि सारे देश की फी कस आमदनी का औसत 460 रुपये है। उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र सदा से उपेक्षित है हर तरह से पिछड़ा हुआ है हालांकि उत्तरप्रदेश की सरकार इन क्षेत्रों के विकास के लिए अपने तौर पर काफ़ी कर रही है। इस सदन में स्वर्गीय श्री जवाहरलाल नेहरू ने अपने दिये हुए आश्वासन के मुताबिक पटेल कमिशन की स्थापना की। पटेल कमिशन ने ऐसे पिछड़े और अविकसित क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार को सिफारिश व रिपोर्ट भी दी लेकिन पाकिस्तानी हमले के बाद केन्द्रीय सरकार को जो सहायता देनी थी वह बंद कर दी और फिर वह सिफारिशें अपनी जगह पर पड़ी हुई हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि देश के अन्दर क्षेत्रीय विकास की समस्याएं पैदा हो रही हैं और उस इलाके में कोई ऐसी गम्भीर स्थिति पैदा न हो कि दूसरे भागों की तरह मजबूर होकर अपने विकास के लिए उसे आन्दोलन करना पड़े और यह स्वीकार कर कि भारत सरकार और उत्तरप्रदेश की सरकार इन क्षेत्रों की निरन्तर उपेक्षा करती रही है क्या मैं जान सकता हूँ कि पटेल कमिशन की उन सिफारिशों को फिर लागू किया जायगा और उस के वास्ते कोई सरकार एक योजना बनायेगी और उसे कार्यान्वित करेगी ?

श्री ब० रा० भगत : पटेल कमिशन ने जो रिपोर्ट बनाई उस में उस ने यह रिपोर्ट दी थी कि ऐसे अर्ध विकसित और पिछड़े क्षेत्रों का तेजी से विकास कैसे किया जाय। जब वह पंचवर्षीय योजना का पहला प्रारूप बना था तो उस में चूंकि बहुत सारे देश के भागों में इस स्ट्रैटिजी को लागू करना था उन को सैंटर से अलग अलग सहायता देकर सैंट्रल प्रोजेक्ट के रूप में रखना सम्भव नहीं हुआ होता। इसलिए प्लानिंग कमीशन ने उस समय यह सोचा अब चौथी पचवर्षीय योजना में इस स्ट्रैटिजी को जो उन्होंने बनाया जैसे कि खेती का या वहां सड़कों का अभाव है, सोशल इनफा स्ट्रक्चर या एग्रो इंडस्ट्रीज को बढ़ाना था तो उन बातों को प्लान में लाकर और सारे प्लान को स्ट्रैटिजी को ऐसे क्षेत्रों के विकास के लिए बना कर यह रूपरेखा बनाई गई है। यह पूर्वी यू पी में भी लागू होता है, उत्तरी बिहार में भी लागू होता है और दूसरे प्रदेशों के अर्धविकसित या कम विकसित क्षेत्रों में भी लागू होता है।

श्री चन्द्रजीत यादव : मैं ने सप्लिमेंटरी सवाल एक खास ऐरिया के लिए पूछा था यह नहीं कि सारे देश के पिछड़े हुए इलाकों के पूरे चौखटे के अन्दर मैं ने जानना चाहा था जिसका कि मंत्री महोदय जवाब दे रहे हैं। मेरा सप्लिमेंटरी सवाल यह था कि उस इलाके की बाबत विशेष रूप से पटेल कमिशन ने अपनी सिफारिशें दी हैं जिन्हें कि केन्द्रीय सरकार ने लागू

करना स्वीकार किया था। पाकिस्तानी हमले के बाद उसे अमल में लाना स्थगित कर दिया गया उन को क्या मंत्री महोदय द्वारा अमल में लाया जायगा ? यह ठीक है कि सारे देश के पिछड़े इलाकों के विकास की योजना है लेकिन जैसा मैं ने कहा यह स्पैसिफिक इलाका है जिस की कि बराबर उपेक्षा की जाती रही है तो मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या उस योजना को वहां पर लागू किया जायगा ?

प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : माननीय सदस्य के इस कथन से हम सहमत हैं पूर्वी उत्तरप्रदेश के इस क्षेत्र में बहुत ही अधिक कठिनाई और गरीबी है। इस की बहुत आवश्यकता है कि वहां विशेष कार्यक्रम चालू हों और उस के लिए हमारी कोशिश भी है। लेकिन, इस समय मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से नहीं कह सकती हूं कि पटेल योजना वहां पर चल सकती है या नहीं। माननीय सदस्य को मालूम है कि हमारे साधन कितने सीमित हैं। अब उन को मद्देनजर रखते हुए हम देख रहे हैं कि किस तरीके से इन क्षेत्रों की मदद हो जिससे कि वे ऊपर उठें और उन्नति करें।

The hon. Member has said something about giving special help to those States whose performance has been better. Naturally, one would like to help them to go ahead much faster but we must remember that there are historic reasons why certain areas developed faster and we have got the problem of disparity of backward regions. Therefore all these factors have to be balanced. Much as we would like to help a person who is making the best use of these facilities, we cannot really do so at the cost of those who have not had these facilities earlier and therefore, are not in a position today to make the best utilisation.

SHRI HEM BARUA : It is not a fact that the hon. Prime Minister wrote a letter to the National Development Council suggesting that population should not be the only basis for allocation of financial grants but economic needs must be the basis for allocattion of financial grants and that the N. D. C. rejected the suggestion of the Prime Minister and, secondly, is it not a fact that the Government of Assam whose budget this year showed a deficit of Rs. 50 crore has approached the Government for further allocation in the interest of the execution of the Fourth Plan because Assam is an underdeveloped State ?

SHRIMATI INDIRA GANDHI : I have expressed some views on this matter. But as the hon. Members know, the criteria for the allocations were decided by the Chief Ministers themselves taking all these points in view. Assam has asked for better allocation and so have all other States. All their problems are real ones and they have our fullest sympathy. The real question is one of limitation of resources. But all these matters will be discussed in the N. D. C.

SHRI HEM BARUA : She has not replied to the first part of my question as to whether she had written to the N. D. C. suggesting that not the population basis alone but also the economic needs of the States should be taken into consideration while making the financial allocations but the Chief Minister who were on the National Development Council rejected the proposal.

MR. SPEAKER : She has stated that.

श्री प्रेम चन्द वर्मा : मैं प्रधान मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि अभी मंत्री महोदय ने कहा है कि यूनियन टैरीटरी का प्लानिंग का खर्चा और उस के अपने साधन में जो फ़र्क होता है वह यूनियन टैरिटरी को दिया जाता है। तो क्या यह सच है कि हिमाचल को 66 करोड़ रु० तीसरी पंचवर्षीय योजना में मिला और उस के बाद 1966 में जितनी उस की आबादी थी उस से 110 प्रतिशत अधिक लोग और इतना ही क्षेत्र हिमाचल में शामिल हो गया है। अब जो सरकार ने प्लान भेजा है वह 150 करोड़ से ज्यादा का था लेकिन हमारी सरकार ने केवल 108 करोड़ रु० सैंक्शन किया

है। जब एक तरफ आप कहते हैं कि जो फर्क होता है वह हम अदा करेंगे, दूसरी ओर हमें स्टेट हुड नहीं दिया जाता है, और जब हम केन्द्र शासित प्रदेश हैं तो मैं उम्मीद करता हूं कि यह जो फर्क है इस फर्क को पूरा करने के लिये जितना हिमाचल सरकार ने पैसा मांगा है उतना देने के लिये आप विचार करेंगे ? अगर करेंगे तो उस का ब्यौरा कृपया दें ?

श्री ब० रा० भगत : प्लानिंग कमीशन इस पर भी विचार करेगा, दूसरे राज्यों की जो मांगें हैं उन सब को मिला जुला कर जितने हमारे रिसोर्सेज हैं उस के आधार पर जरूर विचार करेंगे।

श्री प्रेम चन्द वर्मा : अध्यक्ष महोदय, मेरा स्पेसिफिक क्वेश्चन है। यूनियन टैरीटरी के बारे में बता दें। जो उन्होंने खुद कहा है उस के अनुसार हिमाचल के बारे में उन का क्या विचार है ?

श्री ब० रा० भगत : यूनियन टैरीटरी के बारे में जो सिफारिश है और जो मंजूर की गई है, उन का जो डेफिसिट होता है प्लान में उस को केन्द्रीय सरकार पूरा करदे। माननीय सदस्य ने यह सवाल पूछा था उन्होंने जो योजना बनायी है, उन की जो मांगे हैं, उन्होंने जो मांग की है, वह सब मन्जूर कर लेंगे कि नहीं ? मैंने कहा कि उन की मांगें जो हैं उन पर विचार होगा, और केन्द्र के पास जितने साधन हैं, और दूसरे राज्यों की जो मांगें हैं उन सब को सम्मिलित रूप से विचार कर के फैसला लिया जायगा।

श्री महाराज सिंह भारती : मैं जानना चाहता हूं कि जिन प्रदेशों में विषय तो प्रदेश का है और चीज वह ऐसी है जो पूरे देश के काम आ सकती है, जैसे बिजली है वह विषय प्रदेश का है वह पैदा करेगा, उत्तर प्रदेश में हिमाचल में बहुत बड़ी शक्ति है ढाई करोड़ किलोवाट बिजली वह दे सकता है, एक ग्रिड भी आप बनाने जा रहे हैं, तो मैं जानना चाहता हूं कि ऐसे प्रदेश में जहां से दूसरी जगह भी हम वह चीज दे सकते हैं, और विषय वह उसी प्रदेश का है, तो खासतौर से क्या हम उन को प्लान के अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने जा रहे हैं ?

श्री ब० रा० भगत : प्लान के अतिरिक्त देने का सवाल नहीं है। प्लान के अन्दर ही देने का सवाल है।

श्री महाराज सिंह भारती : प्लान की सीलिंग बढ़ाने का सवाल है, उस को बढ़ायेंगे कि नहीं ?

श्री ब० रा० भगत : साधन होंगे तो जरूर बढ़ायेंगे।

श्री शिव नारायण : मुझे प्रसन्नता है कि माननीय बली राम भगत जी जवाब दे रहे हैं। (**व्यवधान**) "तमीजे न बाशद कमन्दे हवा, उलटने की रोटी उलट दी तवा"। मेरा सवाल यह है कि माननीय बली राम भगत जी मंत्री थे वित्त मंत्री श्री टी० टी० कृष्णामचारी के साथ और तब सरकार ने जो ऐश्योरेंस दिया था वह पूरा न करें, तो मैं जानना चाहता हूं कि पटेल कमीशन ने बलिया और बस्ती को ऐश्योरेंस दिया था, और टी० टी० कृष्णामचारी साहब ने मुझ से कहा कि डिबेट में इन्टरवीन न करो, तो मैं कहां दरख्वास्त करूंगा। हमारे पास छोटी लाइन है, और न ट्यूब वैल है, न बिजली है इसीलिये कोई व्यापारी पूर्वी यू० पी० में जाता नहीं है, सरकार के पास रिपोर्ट है कि भारत का सब से पिछड़ा हुआ वह पोरशन है, उस के लिये कोई विशेष प्रबन्ध करेंगे। और तीन प्लान में से एक प्लान का पैसा नहीं मिला। हर साल हमारे चीफ मिनिस्टर मांग करते है, तो मैं जानना चाहता हूं कि गवर्नमेंट इस का डेफ़िनेट जवाब दे कि हम को क्या देगी ?

श्रीमती इन्दिरा गांधी : माननीय सदस्य यहां नहीं थे, यही प्रश्न उन के पीछे बैठने वाले माननीय सदस्य ने किया था ।

श्री शिव नारायण : इन्होंने ऐश्योरेंस दिया था इस हाउस के अन्दर, टी० टी० कृष्णामचारी फाइनेंस मिनिस्टर थे उस समय ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : उन्हों ने कोई व्यक्तिगत आश्वासन नहीं दिया था, सरकार की तरफ से दिया था । हमारे सामने कठिनाइयां आयीं, युद्ध हुआ, लेकिन हम पूरे तौर से सजग हैं कि उस जिले के लिये क्या करना चाहिये । मुझे मालूम है कि बलिया जिला एक देश भक्त जिला है, वहां से देश भक्त निकले हैं, देश सेवा करने वाले निकले हैं, और इस समय उस जिले के लोग बहुत दूर दूर जा कर देश का काम कर रहे हैं । इसलिये हम सब का कर्तव्य है कि हम उन की सहायता करें ।

Some Hon. Members *rose–*

MR. SPEAKER : There are still 20 or 30 members who want to ask questions. We have already spent half an hour on this. I do not know how I can satisfy everybody. After all, the demands pertaining to planning will be coming up and the hon. members can speak at that time.

Now I go to the next Question. Mr. Kanwar Lal Gupta.

राष्ट्रीय आय और औद्योगिक उत्पादन संबधी लक्ष्य

*724. **श्री कंवर लाल गुप्त** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन पंचवर्षीय योजनाओं में राष्ट्रीय आय और औद्योगिक उत्पादन के लिए नियत किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है तथा ये लक्ष्य कहां तक प्राप्त किए गए हैं; और

(ख) लक्ष्य प्राप्त न होने के कारण क्या हैं ?

उप-मंत्री (श्रीमती नन्दिनी सतपथी) : (क) और (ख). "चौथी पंचवर्षीय योजना-प्रारंभिक रूपरेखा 1966" में पिछली तीन पंचवर्षीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई है । इसके अलावा, दूसरी तथा तीसरी योजना दस्तावेज तथा समय समय पर जो विभिन्न समीक्षाएं प्रकाशित की गई हैं उनमें योजनाओं की प्रगति दर्शायी गई है । चौथी योजना के प्रारूप की रूपरेखा के अध्याय 1 और 14 की ओर विशेष रूप से और सभा पटल पर प्रस्तुत विवरण में अंकित अन्य प्रकाशनों की ओर ध्यान दिलाया जाता है ।

विवरण

"राष्ट्रीय आय और औद्योगिक उत्पादन संबंधी" श्री कंवर लाल गुप्त द्वारा दिनांक 26 मार्च, 1969 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 724 के उत्तर में सभापटल पर रखा गया विवरण ।

1. **पहली पंचवर्षीय योजना**

1. पहली पंचवर्षीय योजना–प्रगति प्रतिवेदन 1951-52 और 1952-53 (1953)

2. पहली पंचवर्षीय योजना-प्रगति प्रतिवेदन 1953-54 (1954)

3. पहली पंचवर्षीय योजना-प्रगति प्रतिवेदन अप्रैल-सितम्बर, 1954 (1955)

4. पहली पंचवर्षीय योजना-प्रगति प्रतिवेदन 1954-555 (1956)

5. पहली पंचवर्षीय योजना की समीक्षा (1957)

2. दूसरी पंचवर्षीय योजना

1. दूसरी पंचवर्षीय योजना दस्तावेज

2. दूसरी पंचवर्षीय योजना का मूल्यांकन तथा संभावनाएं (1958)

3. दूसरी पंचवर्षीय योजना का पुन-र्मूल्यांकन : एक सार (1958)

4. दूसरी पंचवर्षीय योजना-प्रगति प्रतिवे-दन, 1958-59 (1960)

5. दूसरी पंचवर्षीय योजना-प्रगति प्रतिवे-दन 1959-60 (1962)

3. तीसरी पंचवर्षीय योजना

1. तीसरी पंचवर्षीय योजना दस्तावेज

2. तीसरी पंचवर्षीय योजना--प्रगति प्रतिवे-दन 1961-62 (1963)

3. तीसरी पंचवर्षीय योजना--मध्यावधि मूल्यांकन (1963)

4. तीसरी योजना प्रगति प्रतिवेदन 1963-65

5. चौथी पंचवर्षीय योजना--प्रारंभिक रूपरेखा

4. तीन पंचवर्षीय योजनाएं एक साथ

1. चौथी पंचवर्षीय योजना प्रारंभिक रूपरेखा ।

श्री कंवर लाल गुप्त : अध्यक्ष महोदय, आप देखिये कि एक स्कूल का टीचर जिस प्रकार बच्चों को किताबें पढ़ाकर हुक्का पीने लगता है उसी तरह से 16 किताबों का रेफ़रेंस इस जवाब में दिया गया है। मैं ने सवाल पूछा था।

"the details of the targets fixed for the national income and industrial production."

दो बातों के बारे में मैं ने पूछा था कि क्या-क्या टारगेट थे और कितने कितने पूरे हुए। इतने लम्बे चौडे जवाब की जरूरत नहीं हैं। इन्हों ने तो किताबों को रेफ़रेंस दे दिया। तो जो मेरा सवाल था कि क्या क्या टार्गेट थे, क्या क्या पूरे हुए, क्यों नहीं पूरे हुए, इस का जवाब दें तो मैं आगे सवाल करूं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : किताबें अगर पढ़ना है तो जवाब देने की क्या जरूरत है।

श्री ब० रा० भगत : अध्यक्ष महोदय, लोक सभा का यह नियम है कि जो पब्लिश्ड डाकु-मेंट्स हैं उन के बारे में ऐसा विवरण हम दे सकते हैं। यह कहते हैं कि टार्गेट क्या थे और वे कहां तक प्राप्त किये गये और अगर नहीं किये गये तो उस के क्या कारण हैं। इन सब की सूचना दीजिये। तो यह एक लम्बा विवरण देना होगा। इसलिये जनरल सवाल का जनरल जवाब दिया। माननीय सदस्य स्पेसिफिक सवाल पूछें तो उस का स्पेसिफिक जवाब दूं।

श्री कंवर लाल गुप्त : मेरा सवाल यह था नेशनल इनकम और नेशनल प्रोडक्शन का क्या टार्गेट था। साथ में यह भी था कि अगर पूरा नहीं हुआ तो क्यों पूरा नहीं हुआ।

श्री ब० रा० भगत : फर्स्ट प्लैन में नेशनल इनकम का टार्गेट था 12 प्रतिशत ग्रोथ का, ऐचीवमेंट हुआ 18.4 प्रतिशत, सेकेन्ड फाइव इअर प्लैन में टार्गेट ग्रोथ का था 25 प्रतिशत और ऐचीवमेंट हुआ 21.5 प्रतिशत, थर्ड फाइव इअर प्लैन में ग्रोथ का टार्गेट था 30 प्रतिशत और ऐचीवमेंट हुआ 15.2 प्रतिशत।

श्री कंवर लाल गुप्त : प्रोडक्शन भी तो बतलाइये।

श्री ब० रा० भगत : 1966-67 में नेशनल इनकम की ग्रोथ हुई 2 प्रतिशत, 1967-68 में नेशनल इनकम की ग्रोथ हुई 8.9 प्रतिशत। फर्स्ट प्लैन में प्रोडक्शन....

SHRI R. D. BHANDARE : This is general information. This is avilable in the books.

MR. SPEAKER : If the information is available in the published books, you do not ask a question.

श्री ब० रा० भगत : फर्स्ट प्लैन में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन बढ़ा 25.1 प्रतिशत, सेकेन्ड प्लैन में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन बढ़ा 41.7 प्रतिशत, थर्ड प्लैन में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन बढ़ा 44.2 प्रतिशत। Over 16 years industrial production has increased by 165.7%.

श्री कंवर लाल गुप्त : रीजन्स तो बतलाइये।

MR. SPEAKER : If you do not want to ask a question, I will go to the next question.

श्री कंवर लाल गुप्त : अभी मंत्री महोदय ने बताया कि थर्ड प्लैन के एक्सपेन्सेज जो तय किये गये थे उन से ज्यादा खर्च किया गया और टार्गेट जो थे वह पूरे नहीं हुए। इसका कारण यह है कि उन की प्लैन फाल्टी थी, प्रायारिटी ठीक नहीं थीं, ओवर-ऐम्बिशस प्लैन थी, करप्ट मशीनरी थी और कोई क्लियर कट आब्जेक्टिव नहीं था। इस के अलावा आप को मालूम है कि जो आदमी रूरल एरियाज में रहते हैं उन में से 5 प्रतिशत केवल 6 रु० महीना खर्च करते हैं। आज 10 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन को रोटी नहीं मिलती। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि वह जो प्लैन आगे बनाने वाले हैं उस में वह किसी नैशनलमिनिमम इनकम की गारन्टी देंगे, और कोई फिजिकल टार्गेट होगा, जिस में हर एक आदमी को रोटी मिले या पीने का पानी मिले ?

श्री ब० रा० भगत : जो कुछ माननीय सदस्य ने बतलाया है वह मेरे हिसाब से ठीक नहीं है। इस बीच में हिन्दुस्तान आगे बढ़ा है। यह बात जरूर है कि दिक्कतें हमारे सामने आई हैं, हम जो प्रगति करना चाहते थे उस में बीच बीच में रुकावटें आई हैं, लेकिन आज देश आर्थिक दृष्टि से मजबूत है और अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है। अगर आदमी आंख बन्द कर के न देखे तो मालूम हो सकता है, माननीय सदस्य भी देखेंगे तो पता चलेगा कि देश आगे बढ़ा है और हमारी योजना सफलीभूत हो रही है। हां, यह बात सही है कि बहुत से क्षेत्रों में गरीबी है, यह बात भी सही है कि जो सब से गरीब लोग हैं उन की आमदनी भी कम है और खर्च भी कम है, पीने का पानी गांवों में बहुत नहीं है। यह बात भी सही है कि जो लोगों की कम से कम जरूरतें हैं उन के लिये हम ऐसी योजना बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि उन को नेशनल मिनिमम इनकम मिले, उन की गरीबी दूर हो सके और इन बातों को हम आगे बढ़ा सकें।

श्री कंवर लाल गुप्त : इस सरकार ने तीनो पंचवर्षीय योजनाओं में इस बात की कोशिश की कि मोनोपोलीज खत्म हो, लेकिन आज 63 प्रतिशत खेती पर काम करने वाले लोग ऐसे हैं जो 5 एकड़ या उस से नीचे के मालिक हैं और 11 प्रतिशत ऐसे हैं जो कि लैंडलार्ड हैं जिन के पास 70 प्रतिशत से ज्यादा भूमि है। सरकार ने पंच-वर्षीय योजना में जो खर्च किया है उस में 80 परसेंट तो इन 11 परसेंट लोगों पर किया है और 20 परसेंट 89 परसेंट लोगों पर किया है। इसी तरह से इंडस्ट्रीज के बारे में मोनोपोली कमिश्न की रिपोर्ट है कि 75 परिवार ऐसे हैं जो प्राइवेट सेक्टर के 45 परसेंट इन्वेस्टमेंट को कंट्रोल करते हैं। मंत्री महोदय ने प्लैन में जो कुछ तय किया था उस का नतीजा कुछ और निकला। मैं जानना चाहता हूं कि मोनोपोली खत्म हो और छोटे लोगों तक उस का लाभ पहुंचे, उस के लिये सरकार क्या कर रही है ?

श्री ब० रा० भगत : माननीय सदस्य का यह कहना ठीक है कि मोनोपोली को खत्म करने के लिये हम को जोरदार कदम उठाना चाहिये। जो मोनोपोलीज बिल आया है वह इसी रास्ते पर एक कदम है जहां तक अरबन क्षेत्र का सवाल है इंडस्ट्रियल पालिसी और एकानमिक पालिसी इसी आधार पर है कि मोनोपोली बनने के बाद खत्म न हो साथ साथ कंसेंट्रेशन भी न बढ़े। इसी लिये हमारा डिस्पर्सल का प्रोग्राम है। जहां तक हमारी एकानमिक फोर्सेज का सवाल है हमारी सभी नीतियों का यही आजेक्टिव है। जब इंडस्ट्रीज बढ़ती है तब कंसेंट्रेशन भी बढ़ता है, इसलिए सोशल आजेक्टिव के कारण दूसरी चीजों को भी लाना पड़ता है और इस के लिये हम सजग हैं। जहां तक रूरल क्षेत्र का सवाल है, यह बात हम को मालूम है कि 5 एकड़ या उस से कम वाले किसान ज्यादा हैं।

श्री शिव नारायण : विकेन्द्रीकरण के बारे में आप का क्या कहना है ?

श्री ब० रा भगत : विकेन्द्रीकरण करने की हमारी नीति है और हम चाहते हैं कि विकेन्द्रीकरण हो।

खेती के बारे में समस्या कुछ ज्यादा उठ खड़ी हुई है क्योंकि अच्छे पैमाने पर पानी, खाद या बीज का इन्तजाम करना है। गांवों में जो अच्छे किसान हैं, बड़े किसान हैं उन को फायदा ज्यादा होता है, साथ साथ गांवों में सोशल और पोलिटिकल कांशमनेस ज्यादा बढ़ रही है इस लिये हमें चाहिये कि हम लोग अपनी योजनाओं में ड्राई फार्मिंग एरिया में छोटे किसानों के लिये और दूसरे लैंडलेस लोगों के लिये ऐसी नीति बनायें जिस से उन की आमदनी बढ़े और उनको मदद कर के हम आगे बढ़ा सकें।

श्री सीताराम केसरी : आर्थिक मोनोपोली और इंडस्ट्रियल मोनोपोली की जो बात है, उस के सम्बन्ध में मंत्री महोदय ने कहा कि छोटे छोटे उद्योग धन्धों और छोटे किसानों के लिये ऐसा होना चाहिये कि वह तरक्की करें। मैं जानना चाहता हूँ कि इस को मद्दे नजर रखते हुए कि कभी कभी व्यक्तियों की मोनोपोली ज्यादा हो जाती है, क्या मंत्री महोदय कोई ऐसी घोषणा करेंगे कि राष्ट्रीय आय का इस सीमा से ज्यादा अंश किसी के पास नहीं होना चाहिये ?

श्री ब० रा० भगत : यह एक सजेशन है और इस पर भी विचार होता रहता है।

SHRI LOBO PRABHU : As the Minister must be aware, while the financial targets of the three plans have been maintained the physical targets have not been maintained. The reason for this may be, first, there was an under-estimate of the cost of the projects. Secondly, there was inflation. Thirdly, there was bad implementation. I would like to ask a specific question. I want to know whether the Planning Commission, the Chairman of the Planning Commission is also present here, has compared these deficiencies. What conclusions have they arrived at so that in the fourth plan the same mistakes are not repeated ?

SHRI B. R. BHAGAT : Based on our experience we have to prepare the fourth plan. We will try to get over all the deficiencies that the hon. Member has mentioned.

श्री तुलशी दास जाधव : इस देश में जिन लोगों के पास कोई सिक्योरिटी नहीं है उन को फर्स्ट प्लैन, सेकेन्ड प्लैन और थर्ड प्लैन में गवर्नमेंट से कोई फ़ायदा अभी तक नहीं हुआ है, जैसे कि देहात के लोग हैं। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या इन्तजाम किया गया है जिस से सिक्योरिटी न होने पर भी वह अपना उत्पादन बढ़ा सकें, जैसे भैंस रखना है, गाय रखना है ?

श्री ब०रा० भगत: यह बात सही है कि अभी जो हमारा क्रेडिट सिस्टम है उस में कर्ज उन्हें ही मिलता है जिन की कोई सिक्योरिटी है, बैंक क्रेडिट है या कोआपरेटिव क्रेडिट है वह उन को ही मिलता है जो अच्छे किसान हैं। यह

कमी है हमारे कर्ज के सिस्टम में और हम इस विचार में लगे हुए हैं कि इस कमी को कैसे पूरा किया जाये ।

श्री मधु लिमये : क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे कि राष्ट्रीय आमदनी और औद्योगिक पैदावार में जो इजाफा हुआ है उसके साथ साथ राष्ट्रीय आमदनी का जो बटवारा होता है, क्या उस में असमानता और गैर बराबरी बढ़ती नहीं जा रही है ? महलनोबीस कमेटी की रपट आपके सामने है, नैशनल सैम्पल की सर्वे की रिपोर्ट आपके सामने है । औद्योगिक पैदावार के बारे में भी अगर आप देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि अमीरों के उपभोग की जो चीजें होती हैं जैसे एयर कंडीशनर वगैरह हैं उनकी पैदावार तो बहुत तेजी से बढ़ रही है लेकिन साधारण जनता के उपभोग में जो चीजें आती है उनकी पैदावार उस अनुपात में नहीं बढ़ रही है । मैं जानना चाहता हूँ कि चौथी योजना में सरकार कौन सी नीतियां अपनाने वाली है जिससे यह गैर बराबरी कम हो ?

श्री जार्ज फरनेंडीस : छोटी मोटर कार ।

श्री ब० रा० भगत : चौथी योजना में इन बातों का खयाल किया जाएगा कि जहां तक सम्भव हो यह कमी दूर हो...

श्री मधु लिमये : कौन सी नीति अपनाने जा रहे हैं....

श्री ब० रा० भगत : योजना आपके सामने आएगी और उस पर बहस भी होगा । तब इसका आपको पता चल जाएगा । आम तौर से यह सही है कि जो लग्जरी गुड्ज हैं उनका उत्पादन बढ़ने के साथ साथ उन पर कर भी बढ़ रहा है । उन पर ज्यादा एक्साइज ड्यूटी भी लगाई जाती है ताकि जो उनका उपभोग करें उनकी बिक्री से सरकार को आमदनी भी हो । जो आम जनता की जरूरत की चीजें हैं जैसे अनाज है या कपड़ा है या और भी दूसरी चीजें है उनका उत्पादन बढ़ाने में ज्यादा नेशनल रिसोर्सिस लगें, इसकी कोशिश की जाएगी ।

श्री रणधीर सिंह : मुल्क की आमदनी तभी बढ़ी हुई मैं समझूंगा जब देहात वालों की आमदनी बढ़ेगी जहां पर कि अस्सी फी सदी लोग रहते हैं । जब इस अस्सी फी आबादी की आमदनी बढ़ेगी तभी मुल्क की आमदनी भी बढ़ी है, ऐसा मैं समझूंगा । आज देखने में आता है कि जितने बड़े बड़े कारखाने हैं, मनतें हैं, लार्ज स्केल इंडस्ट्रीज हैं वे सब शहरों में लग रही हैं । जरूरत इस बात की है कि छोटे कारखाने, काटेज इंडस्ट्रीज, कल पुर्जों के रूप में देहातों में खोले जायें । मैं जानना चाहता हूँ कि इस सम्बन्ध में गवर्नमेंट की वाजं पालिसि क्या है । क्या वह शहरों के बजाय देहातों में छोटे छोटे कारखाने खोलना चाहती है ताकि गांव का जो हरिजन है, जो बैकवर्ड क्लासिस के लोग हैं या गरीब लोग हैं उनको काम मिले और आबादी का सारा बोझ खेत पर ही न पड़ जाए ? क्या इस तरह से वहां जो बेरोजगारी है, उसको दूर करने के लिए सरकार चौथी योजना में कुछ व्यवस्था करेगी ?

श्री ब० रा० भगत : चौथी योजना में विकेन्द्रीयकरण हो, इंडस्ट्रीज का डिसपर्सल गावों की तरफ हो और वे बडे कसबों की तरफ जायें, इस पर ध्यान दिया जाएगा ।

SHRI S. KUNDU : The hon. Minister said that in the First Five Year Plan the target of national income which was fixed was exceeded. At thes ame he time also said that in the Third Five Year Plan the target that was fixed was reduced to half. May I know whether he has made any study of this and, if so, whether he can inform the House if it is not true that during the corresponding period some countries in Asia and like Japan had a steady rise of national income per year at 11 per cent in some years; and if that is so, why during this corresponding period our target fixed was reduced by half ?

SHRI B. R. BHAGAT : I discussed this matter with a leading, top economist in Japan and said that more than economic factors, the sub-conscious factors are responsible for this rise and the sub-conscious factors are discipline, patriotism, dedication and hard work. If we have these....*(interruptions)*.

श्री जार्ज फारनेंडीस : आप में से किसी में भी नहीं है । जहां शर्म लगनी चाहिये वहां आप हंस रहे हैं ।

SHRI BEDABRATA BARUA : In addition to the factors that have been mentioned by the Hon. Minister, is it not a fact that so far as targets of industrial production are concerned, they are bound to fall short if the plant and machinery are not utilised to their full capacity ? Yesterday, we were surprised to learn from the Industries Minister that the demand position or the order placed on the public enterprises is not very clear. Therefore, may I know from the Hon. Minister whether this has been provided for in the Fourth Plan that the capacity that has been created for heavy machinery will be utilised and if not whether he will make a categorical and definite provision for utilisation of the capacity for heavy machinery production ?

SHRI B. R. BHAGAT : The utilisation of the surplus or unutilised capacity in the industrial sector is the first charge on the national budget. This strategy has been accepted in the Fourth Plan.

श्री स०मो० बनर्जी : राष्ट्रीय आमदनी बढ़ी है, सब कुछ बढ़ा है यह ठीक है । लेकिन लोगों की हालत सुधरी नहीं है । इस वास्ते जो सवाल हमसे लोग किया करते हैं अकसर वही सवाल मैं आप से पूछना चाहता हूं । हम से यह सवाल वे करते हैं :

जिस देश में गंगा बहती है उस
देश का पौधा सूखा क्यों ?
जो देश है वीर जवानों का उस
देश का बचपन बूढ़ा क्यों ?

श्री ब० रा० भगत : जैसा वितरण हम चाहते हैं वैसा नहीं हुआ है, यह हमें मालूम है ।

Working of Textile Mills taken over by the Textile Corporation of India

*727. SHRI GEORGE FERNANDES : Will the Minister of FOREIGN TRADE AND SUPPLY be pleased to state :

(a) the number of cotton textile mills taken over by the Textile Corporation of India;

(b) the total number of workers working in these mills;

(c) the terms and conditions under which the mills have been taken over;

(d) whether there has been any improvement in the profitability of these mills since the Corporation took them over; and

(e) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF FOREIGN TRADE AND SUPPLY (SHRI B. R. BHAGAT) : (a) to (c). The New Maneckchock Spinning and Weaving Mills Ltd., Ahmedabad was taken over by the Government in February, 1969. The Gujarat State Textile Corporation, which has been appointed as Authorised Controller, will be assisted by the National Textile Corporation in the running of the mill. The number of workers in the mill is about 1700.

(d) and (e). It is too early to make any assessment.

श्री जार्ज फरनेंडीस : इस वक्त अस्सी मिलें जिनमें करीब अस्सी हजार कर्मचारी काम करते हैं बन्द पड़ी हैं । पिछले पांच बरसों से ये मिलें बन्द हैं । चूंकि वे बन्द हुई इस वास्ते इस सदन में और इस सदन के बाहर भी आवाज उठी थी और उसी का यह नतीजा था कि टैक्सटाइल कारपोरेशन की स्थापना के लिए केन्द्रीय सरकार को एक विधेयक लाना पड़ा । मन्त्री महोदय के उत्तर से पता चलता है कि सिर्फ

एक मिल को अब तक इन लोगों ने अपने हाथ में लिया है। मेरा प्रश्न यह है कि जहां अस्सी मिलें बन्द हैं, वहां इन मिलों को अपने हाथ में इस कारपोरेशन द्वारा क्यों नहीं लिया जाता है और उनको चलाने की क्यों व्यवस्था नहीं की जाती है? मैं जानना चाहता हूं कि क्या आप इस बारे में सोच रहे हैं या कोई कदम उठा रहे हैं और अगर उठा रहे हैं, तो क्या उसका विवरण आप इस सदन में पेश करेंगे?

श्री ब० रा० भगत: विधेयक की मार्फत जो प्रोसीजर अपनाया गया था उस में यह है कि पहले तो उनका इनवैस्टीगेशन हो, उनकी हालत को देखा जाएगा कि वे कैसी हैं, उसके बाद अथोराइज्ड कंट्रोलर बहाल होंगे, उसके बाद उसकी रिपोर्ट आएगी कि इनका रेनोवेशन हो या लिक्विडे न हो या करेंट रनिंग स्टेज पर इन को चलाया जाए। बारह मिलें हैं जिनके केसिस कारपोरेशन अभी एग्जेमिन कर रही है। तीन मिलों के केस में काफी प्रगति हो चुकी है

श्री जार्ज फरनेंडीस: नाम बताइये।

श्री स० मो० बनर्जी: कानपुर में कुछ नहीं हुआ है। क्वीन विक्टोरिया मिल को ले भी लिया है फिर भी कुछ नहीं हुआ है।

श्री ब०रा० भगत: तीन मिलों के नाम है, माडल मिल लिमिटेड, नागपुर, आर०एस०आर० जी मोटा स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल लिमिटेड अकोला और प्रताप वीविंग एण्ड मैनुफैक्चरिंग कम्पनी, आलमनार। उम्मीद की जाती है कि और भी मिलों के केसिस पर विचार करके तेजी से प्रगति होगी।

श्री जार्ज फरनेंडीस: अभी महाराष्ट्र सरकार ने एक कमेटी बनाई थी जिस का नाम कोगेकार कमेटी। इस कमेटी की रिपोर्ट में से एक वाक्य मैं आपको पढ़कर सुनाना चाहता हूं:

> "Out of the 74 mills in Maharashtra accounting for 87 per cent of installed spindles and 86 per cent of installed looms in the State studied by the committee 43 mills have neglected maintenance and modernisation of their machinery.....

इसका मतलब यह है कि जो मिलें अभी भी निजी क्षेत्र में हैं वे बहुत तेजी से इसी रास्ते पर चल रही हैं। जो अस्सी मिलें बन्द हैं उसका मतलब होता है कि हिन्दुस्तान की कुल जो मिलें हैं उसका बारह प्रतिशत। एक तरफ तो जो मिलें बन्द पड़ी हुई हैं उनको लेने में आप असमर्थ है और दूसरी तरफ जो ये मिलें हैं और जो आज भी मिसमैनेजमेंट पड़ी हुई है ऐसा सरकारी कमेटी अलग अलग सूत्रों में कह रही हैं, तो यह जो हालत है यह और न बिगड़े, इसके लिए आप कौन से कदम उठा रहे हैं?

श्री ब० रा० भगत: माननीय सदस्य ने जो प्रश्न उठाया है, उस पर हम विचार कर रहे है। बन्द मिलो को चलाने में काफी कठिनाइयां हो रही हैं, क्योंकि उन में बहुत सारी मिलें ऐसी हैं जो मोडर्नाइजेशन न होने के कारण या मैनेजमेंट की कमी के कारण बन्द है। कुछ मिलें फाइनेन्शल या दूसरी दिक्कतों के कारण बन्द हैं। इस लिये इस इण्डस्ट्री को प्रायोरिटी इंडस्ट्री बना कर यह कोशिश की गई है कि जिन मिलों के पास रूपया है और वे उसको लगायें तो उनको मोडर्नाइज करने की सुविधा दी जाय।

दूसरे—यह विचार किया जा रहा है कि भविष्य में मैनेजमेंट की कमी के कारण या मोडर्नाइजेशन की कमी के कारण मिलें बन्द न हों—इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाये जांय, यह प्रश्न विचाराधीन है।

श्रीमती जयाबेन शाह: अध्यक्ष महोदय, हमारी टैक्सटाइल इण्डस्ट्री बहुत सालों से हमारी इण्डस्ट्री रही है, लेकिन मिल-ओनर्स ने उस में से ज्यादा से ज्यादा प्राफिट

लेकर उनको स्क्रैप करके छोड़ दिया है, जिसका नतीजा यह हो रहा है कि ज्यादा से ज्यादा मिलें बन्द होती जा रही हैं। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहती हूँ कि आइन्दा जो स्थिति पैदा होने वाली है उस को दृष्टि में रखते हुए वह क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं। जो कर्मचारी बेकार हो गये हैं और भविष्य में और ज्यादा होने वाले हैं, उन के लिये क्या इन्तजाम किया जायगा ? जिन मिलों को सरकार ने लेकर अथोराइज्ड कन्ट्रोलर नियुक्त किया है, वहां भी कार्यवाही तेजी से नहीं चल रही है। मैं यह भी जानना चाहती हूँ कि जो नई मिलें बन्द होने वाली हैं उनके लिये सरकार क्या कर रही है ?

श्री ब० रा० भगत : पहले सवाल का मैं जवाब दे चुका हूं– इस पर गौर किया जा रहा है।

श्रीमती जयाबेन शाह : कन्ट्रोलर के बारे में बतलाइये, नई मिलों के बारे में बतलाइये।

श्री ब० रा० भगत : अथोराइज्ड कन्ट्रोलर्स से रिपोर्ट मांगी जा रही हैं....

श्रीमती जयाबेन शाह : 6 महीने हो गये।

श्री ब० रा० भगत : जिन अथोराइज्ड कन्ट्रोलर्स की रिपोर्ट नहीं आई है, उन को ताकीद की गई है कि जल्द भेजें।

SHRI S. K. TAPURIAH : On various occasions, during discussions in this House and elsewhere many of us had voiced the feeling that the Textile Corporation of India would not turn out to be the magic wand which the then Commerce Minister Shri Dinesh Singh had dreamt it to be. As the hon. Minister has just now told us, they have taken over only one mill. This means that either they have themselves lost faith in this scheme and they feel that this corporation is not the panacea for this malady or they are working slowly deliberately in order to see that they do not have to commit themselves into this scheme which will be a failure. In view of the other provisions that the hon. Minister detailed a few minutes back, and in view of the fact that so many mills are closed, throwing out nearly 80,000 worker, may I know whether Government have specified any time-limit within which those reports must come ? This question of taking over of the Manekchock mills smells of some thing bad, because there are mills which have remained closed for a longer period, for four or five years and more, but this mill has been closed only recently. May I know the name of the mill which has remained closed for the longest period, the period for which this particular mill has remained closed, and the reason why they decided to take this recently closed mill first ?

SHRI B. R. BHAGAT : Nobody should imagine that this corporation will be a magic wand which will end all problems.

SHRI S. K. TAPURIAH : The hon. Minister had imagined, and we tried to disillusion him.

SHRI B. R. BHAGAT : During the coming years, of the 13 mills that are under consideration, the Textile Corporation may be able to take only a part of them, perhaps only 7 or 8 or few more. This aspect of modernisation of the textile industry is not only long overdue but it is a clossal problem involving a lot of finances and other problems, and this matter has to be seriously considered, and our attention is engaged on this question.

As for the name of the mill which has been under closure the longest, I require notice as I do not have the information with me at the moment.

SHRI S. K. TAPURIAH : Has any time limit been set for the surveys?

SHRI B. R. BHAGAT : We are trying to do it. These 13 mills are on hand now.

श्री सु०कु० तापड़िया : कोई टाइम-लिमिट दिया है–साल, 6 महीने, 3 महीने–क्या कोई स्पेसिफाइड पीरियड दिया है ?

SHRI B. R. BHAGAT : We will decide about it during the next few months.

श्री अचल सिंह : पिछले 10 वर्षों से मैं निरन्तर कामर्स मिनिस्टर साहब से कह रहा हूँ- आगरा में तीन सूत की मिलें बन्द पड़ी हैं। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि उन को चलाया जायगा या वैसी ही बन्द पड़ी रहेंगी?

श्री ब० रा० भगत उन मिलों के लिये भी वही तरीका अपनाया जायगा जो दूसरी मिलों के लिये है।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी जब टेक्सटाइल कारपोरेशन कायम करने के लिये सदन में चर्चा हो रही थी, तब श्री कुरेशी महोदय ने कहा था कि कारपोरेशन सभी बीमार मिलों को लेने के लिये नहीं बनाया जा रहा है। क्या यह बात सही है या सरकार इस के बारे में पुनर्विचार कर रही है? अगर मिलों को सरकार नहीं लेगी तो इन मिलों को कौन चलायेगा ?

श्री ब० रा० भगत बहुत सारी ऐसी मिलें हैं जो चलाई नहीं जा सकती है, इतनी आउट-डेटेड हो चुकी हैं कि उन के बारे में कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिये। जो कभी चल ही नहीं सकतीं, इकानामिक नहीं हो सकतीं, उन मिलों को यह कारपोरेशन ले ले-- यह उचित नहीं होगा। लेकिन कुछ ऐसी मिलें हैं जिनकी लिक्वीडेशन एक्ट के अण्डर प्रोसीडिंग्ज चल रही हैं, उनको चलाने के लिये अगर कोई खरीदने को तैयार होगा, तब तो ठीक है, वरना उस दाम पर सरकार खरीद लेगी। कुछ मिलें हैं जिनका मोडर्नाइजेशन किया जा सकता है ऐसी और जो रूपया उनमें लगेगा, उससे रिटर्न आयेगा, उन मिलों को ले लिया जायगा। इसके लिये एक तरीका बनाया गया है, उस के अन्तर्गत जिनको लिया जा सकता है उन को लिया जायगा।

SHRI TENNETI VISWANATHAM : The Minister has stated that many mills are outdated. The fact is that even dress is becoming outdated a little and our textile industry is losing because of competiton in the whole of Asia. Therefore, instead of trying to take over sick mills, will he get the capital structure reorganised completely and machinery revalued and hand over whatever is exiting to the workers to be run on a co-operative basis? Will he do that instead of indulging in this futile exercise of the Textile Corporation trying to take them over and running them ?

SHRI B. R. BHAGAT : Does he mean that the mills should be handed over to the workers to be run?

SHRI TENNETI VISWANATHAM : As far as possible.

SHRI B. R. BHAGAT : If there is any such scheme, we will consider it.

SHRI MANUBHAI PATEL : In the last session, one definite suggestion was made regarding the Baroda Mills which the owners were trying to send under liquidation. Government were requested to appoint an authorised controller. The Deputy Minister assured us that the process was being gone through. One year has already passed. I would like to know whether the authorised controller has been appointed for these mills, whether the Corporation has taken it over or is allowing it to go into liquidation ?

SHRI B. R. BHAGAT : I will look into it; I do not have the information with me now.

SHRI RANGA : During the last two or three years, there have been many occasions when the Coimbatore textile mills were in great trouble. They had to approach the Madras Government and we were told that Government was in touch with the Government of India asking the latter to strengthen their efforts to help the Coimbatore textile industry. Has anything been done in that direction ? Have Government any proposal to help the Coimbatore textile industry ?

SHRI B.R. BHAGAT: This Corporation is entrusted at the moment with mils which

are closed, known as sick mills. As for the other, I do not have information at the moment. I will look into it.

श्री एस० एम० जोशी :अध्यक्ष महोदय, जब कभी कोई बड़ी मिल बन्द हो जाती है और उस को लेने के लिये मजदूरों की तरफ़ से दरख्वास्त आती है और अगर कोई क्रेडिटर कोर्ट में जाकर लिक्वीडेशन प्रोसीडिंग्ज शुरू कर देता है तो हम को कहा जाता है कि जब तक प्रोसीडिंग्ज खत्म नहीं हो जाती, तब तक मिल को नहीं ले सकते हैं। जैसे बम्बई की एडवर्ड मिल बहुत दिनों से बन्द थी, उस का मामला कोर्ट में पड़ा है, इस लिये हम उस को ले नहीं सकते हैं। क्या सरकार इस के बारे में सोचने की कोशिश करेगी कि क्योंकि जब आप लेने की कोशिश करेंगे तभी कोई आदमी, क्रेडिटर, कोर्ट में जा सकता है और फिर जो हमारी नीति है उसको हम अमल में नहीं ला सकते हैं-इसलिए क्या सरकार कोई कानून लाने या अन्य प्रबन्ध करने की बात सोच रही है ?

श्री ब० रा० भगत : अभी भी जो प्रोसीजर है उसकी मातहत किसी मिल को लेने के लिए हाईकोर्ट में जाना पड़ता है। अगर कोई क्रेडिटर इस तरह से रुकावट डालने की बात करता है, कोर्ट में जाता है तो फिर स्टेट गवर्नमेन्ट या केन्द्रीय सरकार की ओर से अगर कोई कार्यवाही होगी भी तो वह कानूनी कार्यवाही ही होगी, उसके लिए कोर्ट में ही जाना पड़ेगा।

This is the quotation from this article. I want to bring to the notice of the Home Minister that it is not only the office of the Governor that they have attacked, but now there is a cry that the rules of the Central Services should be changed and they should be according to their wishes. The Home Minister should be very cautious in relaxing the rules. My submission is that the Central Servicesis one of the factors that we are having an integrated India. Now these State Governments want to nominate Governors, not that the President should do it. They want to take over the powers of nominating Governors from the President. The State Cabinets want that power. Shri Sundarayya, the Marxist leader, said that 'we do not want nominated Governors by the President, we want to elect the Governors'. The provision to elect the Governor was there when the draft Constitution was being considered. But our Constitution-makers wisely gave it up and they put down that the Governors should be appointed by the President. This was a very wise decision and it should be continued. Even if some State Cabinets press for this, the Home Minister should not yield to their demand.

As regards the language question, Seth Govind Das spoke of it at great length. Mr. Kandappan gave very nice arguments for Tamil and other languages. This is not the first time that I am speaking on the subject, even when I spoke in 1967 and last year I said that Hindi alone can be the official language. It is the only integrating force that can unite India. There cannot be any other language.

As regards the other arguments of Shri Kandappan, I am not conversant with Telugu or Tamil language, but I only say that at least in the interest of the unity of the country, we should return to the three-language formula. I would appeal to him and through him to the Tamil Nadu Government to recognise this and return to three-language formula.

As regards Shri Lobo Prabhu, I appreciate one of his suggestions. After the fourth general elections, we find that stability of State Governments has been disturbed. He has made a suggestion that instead of a simple majority, a vote of no-confidence

against the cabinet should be carried only by a two-thirds majority. I agree with him on this.

I have experience in this matter in respect of municipal bodies in Maharashtra state. The Maharashtra Government has an enactment by which the President of a Municipality can be removed by a majority. During this one year, since the Act came into force—they are now amending it—in the Manmad Municipality, the President was changed about eight times. Speaking of my own Municipality of Jalgaon, the present President is the fourth or fifth we have had during one year.

Of course, there is nothing in the Constitution specifying that the vote of no-confidence against the Cabinet should be by a simple majority or a two-thirds majority. But it is time we evolved some such convention so that we do not allow a few defectors to change a Government and introduce instability of Government.

This is all I have to say.

श्री राम गोपाल शालवाले (चांदनी चौक): सभापति महोदय, मैं श्री कण्डप्पन के इस विचार से सहमत नहीं हूं कि हिन्दी के समर्थक यह चाहते हैं कि केवल हिन्दी ही भारतवर्ष में पढ़ाई जाय, और किसी दूसरी भाषा को न पढ़ाया जाये। जहां तक मेरा विचार है, उन के पास ऐसा कोई सबूत नहीं है कि किसी भी हिन्दी समर्थक ने यह दावा किया हो या यह मांग की हो। मैं मूलभूत-रूप से कहना चाहता हूं कि हम भारत की सभी भाषाओं को फलते और फूलते देखना चाहते हैं। यदि हमारा झगड़ा है तो वह विदेशी भाषा अंग्रेजी के साथ है, और मेरे ख्याल में श्री कण्डप्पन और दूसरे सज्जन जो इस देश में रह कर देश की आजादी और सुरक्षा चाहते हैं, किसी विदेशी भाषा का समर्थन नहीं कर सकते। आज वह हिन्दी का विरोध करते हैं। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि जब अंग्रेज यहां पर राज्य करते थे, और वह विदेशी थे, तब उन्होंने अंग्रेजी का विरोध क्यों नहीं किया। मैं उन के सामने यह सवाल रख रहा हूं और उन से इस का जवाब चाहता हूं।

मैं डा० गोविन्द दास के उन विचारों का, जो उन्होंने भाषा के सम्बन्ध में रक्खे हैं, हार्दिक समर्थन करता हूं। मैं समझता हूं कि उन्होंने महात्मा गांधी जी के विचारों को और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के विचारों को यहां रख कर एक बहुत बड़ा काम किया है।

एक माननीय सदस्य : यह विचार कांग्रेस के कहां हैं ?

श्री राम गोपाल शालवाले : कांग्रेस के प्रस्ताव हैं, उन के संविधान में है।

सब से पहले मैं दिल्ली प्रशासन के सम्बन्ध अपने विचार आप के सामने रखना चाहता हूं और आशा करता हूं कि गृह-कार्य मंत्री जी उन पर विचार करेंगे। पिछले पचास वर्षों में दिल्ली व आस पास के क्षेत्रों में भारी पैमाने पर परिवर्तन हुए हैं। सन् 1911 में दिल्ली शहर की जनसंख्या 2 लाख 38 हजार थी और 1967 में वह 37 लाख हो गई, और आज विशेषज्ञों का यह अनुमान है कि सन 1981 में वह बढ़ कर 67 लाख तक पहुंच जायेगी। दिल्ली की बढ़ती हुई जन-संख्या के कारण राजधानी में 11 नगरपालिकायें-नोटिफाइड एरिया कमेटी बना दी गई हैं और बिजली, यातायात जल प्रदाय के दिल्ली राज्य के अन्तर्गत 3 बोर्ड बना दिये गये हैं। यह स्थानीय संस्थायें 1956 तक कार्य करती रहीं, उस समय दिल्ली के जन-जीवन की गति धीमी थी। जन-संख्या की वृद्धि तथा औद्योगीकरण तथा सरकार की बढ़ती हुई गतिविधियों के कारण यह जरूरी था कि दिल्ली की नागरिक सुविधाओं के लिये बड़े स्तर पर प्रबन्ध किया जाय।

1967 में राजधानी की जनता ने केन्द्रीय सत्ता की ठीक नाक के नीचे कांग्रेस के 18 वर्ष पुराने मोह को त्याग कर एक दल को

[श्री राम गोपाल शालवाले]

सत्तारूढ़ करके उस पर जिम्मेदारी डाली कि दोहरे प्रशासन वाले प्रदेश में मिली जुली राजनीतिक व्यवस्था को सफल बना कर स्वस्थ लोकतन्त्र की स्थापना करें। इस परिवर्तन से पहले केन्द्रीय सरकार ने रेड्डी आयोग की स्थापना की थी। नगर निगम की कांग्रेस के पुराने और लम्बे शासनकाल में वित्तीय स्थिति कितनी शोचनीय हो गई थी इस पर विचार करने के लिए भारत सरकार ने 1966 में रेड्डी आयोग नियुक्त किया था। उस आयोग ने अपना प्रतिवेदन 1967 के फरवरी माम में दिया जबकि आम चुनाव हो रहे थे। आयोग की मुख्य सिफारिशें ये थी कि केन्द्र निगम की आर्थिक अवस्था को सुधारने के लिए पांच करोड़ का ऋण दे और साथ ही निगम को दो करोड़ रुपये का अनुदान भी दे। किन्तु बीस फरवरी सन् 1967 को चुनाव का परिणाम प्रतिकूल निकलने से केन्द्रीय सरकार ने रेड्डी आयोग की सिफारिशों को वापिस ले लिया।

इसके पश्चात राजधानी के नागरिकों के लिए दिल्ली प्रशासन द्वारा जन हित कार्यों में ठोस कदम उठाने पर रोक लगाने के लिए रेड्डी आयोग की सिफारिशों को ताक पर रख दिया और लोक सभा के कांग्रेसी सदस्य श्री आर. आर. मुरारका की अध्यक्षता में एक नया आयोग बिठाया। इसका मुख्य उद्देश्य जनता पर बड़े बड़े करों का बोझ डाल कर दिल्ली के सत्तारूढ़ दल को बदनाम करना था। इसी प्रकार के सुझाव मुरारका आयोग ने दिये हैं। किन्तु दिल्ली प्रशासन ने उलटा छोटे मकानों पर हाउस टैक्स घटा कर 11 प्रतिशत से 10 प्रतिशत कर दिया। आयोग चाहता था कि गृह कर कम से कम 15 प्रतिशत कर दिया जाए और उसको 24 प्रतिशत तक ले जाया जाए। इस वर्ष निगमायुक्त ने कर बढ़ाने और नए कर लगाने की घोषणा अपने बजट में की थी। मुरारका आयोग ने पानी कर को कम से कम चार प्रतिशत, सफाई कर को ढाई प्रतिशत, गृह कर में पचास प्रतिशत की वृद्धि, चुंगी कर, साइकल कर, विज्ञापन कर, आय कर आदि कर बढ़ाने तथा कुछ नए कर जैसे शिक्षा कर, व्यवसाय कर, नौकरी कर, व्यापार कर लगाने की भी सिफारिशें की थीं। लेकिन नगर निगम तथा महानगर परिषद ने उन सिफारिशों को मानने से इन्कार कर दिया और अगर ऐसा न किया गया होता तो दिल्ली की जनता को दस गुना करों का शिकार होना पड़ता

केन्द्रीय सरकार ने निगम और प्रशासन की सहायता करने के बजाय, उनकी योजनाओं को स्वीकृति देने में भी आनाकानी की जिससे निगम को लाखों रुपये का नुकसान सहना पड़ा। प्रतिवर्ष ग्राम विकास के लिए आयोग ने कहा था कि 15 लाख रुपये निगम को देने चाहियें किन्तु केन्द्र इस पर खामोश है। आयोग की इस सिफारिश पर भी आचरण नहीं किया गया कि निगम क्षेत्र में केन्द्रीय सम्पत्ति की देखरेख का सम्पूर्ण खर्चा केन्द्र उठाये। इससे निगम को 35 लाख रुपये और मिलेंगे। भारत सरकार ने निगम के नौ करोड़ रुपये बकाया देने हैं और केन्द्र द्वारा संचालित नई दिल्ली नगरपालिका से निगम ने तीन करोड़ रुपये लेने हैं। यह बकाया धन यदि मिल जाए तो दिल्ली नगर निगम को कर बढ़ाने के बजाय जनता को राहत देने का अवसर मिल सकता है। इतना ही नहीं जो धन राशि पहले निगम को मिला करती थी वह भी काट ली गई है। बसों के लिए अस्सी लाख और पीने के पानी के लिए ढाई करोड़ रुपया देने के आश्वासन पूरे नहीं किये गये।

दिल्ली प्रशासन ने चौथी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत दिल्ली जोकि भारत की राजधानी है, उसकी प्रतिष्ठा के अनुकूल, इसको बनाने के लिए चार सौ करोड़ रुपये की मांग की है और विकास की योजनायें केन्द्र को भेजी हैं। किन्तु योजना आयोग ने 155 करोड़ रुपये ही

स्वीकृत किये हैं । अब इसके अनुसार भी दिल्ली को इस वर्ष 31 करोड़ रुपये मिलने चाहियें । किन्तु दिये जा रहे हैं केवल 23 करोड़ 40 लाख रुपये । चालू वर्ष में बचत के 1 करोड़ रुपये की राशि भी प्रशासन को मिलनी चाहिये थी । यह एक करोड़ और अगले वर्ष के तीन करोड़ मिला कर 35 करोड़ मिलने चाहिये थें । किन्तु बारह करोड़ कम दिये जा रहे हैं । अब विचारणीय प्रश्न है कि राजधानी जहां संसार भर के राजनीतिज्ञ आते रहते हैं उसका विकास कैसे हो । अत मेरा निवेदन है कि गृह मन्त्रालय दलगत विचारों से ऊपर उठ कर वस्तु स्थिति पर विचार करे और दिल्ली प्रशासन की उचित मांगों को स्वीकार करके स्वस्थ परम्परा का संचालन करे ।

भूतपूर्व गृह मंत्री श्री गुलजारी लाल नन्दा ने गोहत्या बन्दी आन्दोलन के समय जो आश्वासन दिये थे, उन आश्वासनों को मैं चाहता हूँ कि पूरा किया जाए । उन्होंने कहा था कि जिन राज्यों में गोहत्या के सम्बन्ध में कानून नहीं बने है, केन्द्रीय सरकार अपने प्रभाव से काम ले कर सभी प्रान्तों में उत्तर प्रदेश जैसे कानून बनवा देगी । मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है । उलटे गो हत्या बन्द करने के लिए जो सरकारी कमेटी बनाई गई थी उस में भी गतिरोध उत्पन्न हो गया है और तीन गैर सरकारी सदस्यों ने कमेटी के गलत कार्यक्रम के कारण त्यागपत्र दे दिये हैं । साथ ही 29 प्रतिष्ठित गवाहों ने गवाही देने से इन्कार कर दिया है । ऐसी अवस्था में उस कमेटी को तोड़ कर मेरी यह मांग है कि जो आश्वासन उस समय गृह मंत्री जी ने दिये थे गोरक्षा महाभियान समिति को, उनको पूरा करके सम्पूर्ण देश में गोहत्या को बन्द किया जाए ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ जिस पर आपको चाहिये कि आप मानवता के आधार पर विचार करें । स्वामी रामेश्वरानन्द जी को जो इसी सदन के सदस्य थे 85 अन्य व्यक्तियो के साथ तब गिरफ्तार किया गया था । यह निश्चित बात है कि उस समय पुलिस रिपोर्ट के अनुसार यह प्रकाश में आया था कि गोहत्या बन्दी आन्दोलन में प्रदर्शनकारियों ने कोई तोड़ फोड़ का काम नहीं किया था । लेकिन फिर भी उनको गिरफ्तार कर लिया गया । आप देखें कि किन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ? उन बेचारों को किया गया जो दफ्तर जा रहे थे या कोई बाहर से आए थे । स्वामी रामेश्वरानन्द जी का कसूर यही था कि उन्होंने इतना ही कहा कि संसद में आ कर मंत्रियों को घेर लो, तब वे तुम्हारी बात मानेंगे । कृपा करके गृह मंत्री जी बतायें कि इस में कौनसी हिंसा की बात है जिस के कारण उनको गिरफ्तार किया गया था और तब से ले कर आज तीस महीने से उन पर मुकदमा चल रहा है और उनको बार बार अदालत में घसीटा जा रहा है । मैं कहना चाहता हूँ कि जिन पर मुकदमे चलाये जा रहे हैं वे जरूर छूट जायेंगे और उसी प्रकार से छूट जायेंगे जिस प्रकार कामराज की कोठी पर प्रदर्शन करने वालों पर मुकदमे चलाये गये थे और वे अदालतों से साफ छूट गए थे । यह आपको शोभा नहीं देता है कि बार बार आप उनको अदालतों में घसीटें । तीस महीने उनको घसीटते हुए हो गए है । उन गरीब लोगों पर भी मुकदमे चलाये जा रहे हैं जो बाहर के हैं और जो बाहर से आने में असमर्थ हैं और किराया खर्च करके नहीं आ सकते है । मैं निवेदन करता हूँ कि इन मुकदमों को वापिस ले कर आप उदारता का परिचय दें और जनता की बात को मानें ।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि धर्म निरपेक्ष राज्य मे सब को धर्म प्रचार करने का अधिकार है और मैं इसका विरोध नहीं करता । किन्तु गरीब वनवासियों और हरिजनों का जिस ढग से बीमारी और गरीबी का लाभ उठा कर धर्म परिवर्तन किया जाता

[श्री राम गोपाल शालवाले]

है उस खतरनाक स्थिति के सम्बन्ध में खाद्य मंत्री श्री जगजीवन राम ने कहा था कि हरिजनों के धर्म परिवर्तन का यदि यह दौर चलता रहा तो पंद्रह बीस वर्ष में विदेशी दासता के पुनः दुर्दिन हमें देखने पड़ेंगे। उन्होंने इस पर चिन्ता व्यक्त की थी और कहा था कि देश का नक्शा बदलने के पूरे प्रयत्न धर्म परिवर्तन के माध्यम से किये जा रहे हैं। निओगी कमेटी की रिपोर्ट आ चुकी है। रेगे कमेटी की रिपोर्ट भी आ चुकी है। मध्य प्रदेश की सरकार ने कानून पास कर दिया है। इन आयोगों ने विदेशी पादरियों की गतिविधियों को देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा बताया है। मैं निवेदन करता हूं कि इंडियन नैशनल चर्च के प्रधान फादर विलियम्ज ने भारत सरकार से विदेशी पादरियों के राष्ट्रीयकरण की मांग की थी और सरकार को प्रतिवेदन दिया था कि धर्म प्रचार का अधिकार विदेशी मिशनरियों से ले कर इंडियन नैशनल चर्च के पादरियों को दिया जाए। किन्तु सरकार इस पर भी मौन है।

आपको यह सुन कर आश्चर्य होगा कि आज पादरी फेरर भारत में आ गए हैं। वह जब बम्बई में थे तब महाराष्ट्र सरकार ने उनका बम्बई में टिकना, वहां रहना बन्द कर दिया था। बम्बई में किसी गाड़ी पर चढ़ने की भी इजाजत उनको नहीं थी। बम्बई में किसी को उनके साथ मुलाकात करने की इजाजत नहीं दी थी। मैं हैरान हूं कि जिस पादरी फेरर को महाराष्ट्र की सरकार खतरनाक समझती थी, उसको केन्द्रीय सरकार ने आंध्र में बसने की और वहां प्रचार करने की सुविधा क्यों दी ?

अब मैं केवल एक बात कह कर अपने वक्तव्य को समाप्त करूंगा और वह काश्मीर के सम्बन्ध में। जब परमेश्वरी हाण्डू का प्रश्न उठा था, उस समय गृह मंत्री चव्हाण वहां गये थे और मैं भी उन की सेवा में उपस्थित हुआ था। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया था कि परमेश्वरी हाण्डू को किसी तीसरे पक्ष के पास रखा जायगा, हम न्याय करेंगे। लेकिन आज दुखी हृदय से कहता हूँ-आप अल्पसंख्यकों के हितों का नारा लगाते हैं, लेकिन काश्मीर में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर कितना अत्याचार हुआ है, उस का यह नमूना है। परमेश्वरी हाण्डू की 42 पेशियां होने के बावजूद भी उस को अदालत में पेश नहीं किया गया है। आपने कोहली कमीशन को बैठाया था, मैं जानना चाहता हूँ कि उस पर कितना रुपया खर्च हुआ, क्या उस का प्रतिवेदन आपको प्राप्त हो गया है। यदि प्राप्त हो गया है तो उसकी सिफारिशें क्या है, आप उसे सदन के टेबिल पर रखिये और यदि उस कमीशन ने सादिक सरकार की साम्प्रदायिक मनोवृत्तियों को खोला है तो आपका कर्तव्य है कि आप काश्मीर के अल्पसंख्यकों के साथ भी वही व्यवहार करें जो दूसरों के साथ करना चाहते हैं।

श्री गंगा रेड्डी (आदिलाबाद) : सभापति जी, मैं आपका तहेदिल से मशकूर हूँ कि आपने मुझे यह मौका इनायत फरमाया कि मैं खास कर मुल्क में बढ़ते हुए ला-लेसनेस के बारे में अपने विचार प्रकट कर सकूं। जो हालात बम्बई और आन्ध्र में पैदा हुए—हिन्दुस्तान की तकसीमे जदीद के सिलसिले में—उसकी तवारीख 1905 से शुरू होती है। 1905 में जब बंगाल के दो हिस्से हुए, तब कांग्रेस ने यह आवाज बुलन्द की थी कि एक जुबान बोलने वाले एक ही प्रदेश में रखे जायं और उसके टुकड़े न किये जायं। उसके बाद 1917 में, 1920 में, 1927 में और 1928 में इस किस्म के रेजोल्यूशन्ज एडाप्ट किये गये। 1938 में वर्धा कांग्रेस में यह निर्णय लिया गया कि आजादी के बाद अगर कांग्रेस इक्तदार में आई तो

हिन्दुस्तान की तकसीमे जदीद इन्सानी बुनियादों पर करेगी। 1945-46 के इलैक्शन में कांग्रेस ने अपने मेनीफैस्टो में इस बात को लेकर इलेक्शन-कोन्टेस्ट किया, लेकिन उस के एक साल बाद जब आजादी मिली तो पं० जवाहर लाल नेहरू ने 27 नवम्बर, 1947 को इसी सदन में कहा था कि बदले हुए हालात के मद्देनजर हम को यह चीज सोचनी चाहिये। इस के बाद धर कमीशन और जे. वी. पी. कमीशन बैठाये गये। उन्होंने यह कहा कि महज लोगों के विचार और लोगों की रजामन्दी से ही ऐसी चीजें अमल में लानी चाहियें। उस के बाद 1952 में नेहरू जी ने इस सदन में यह कहा कि ऐसी चीजों से हिन्दुस्तानी इस्तेहकाम और यकसानियत को नुकसान पहुंचेगा, लिहाजा इस चीज को नहीं सोचना चाहिये। इस के बारे में राजाजी ने भी कहा है-कि यह एक ट्राइबल अफेयर है। सरदार पटेल के विचार थे कि जिस हिन्दुस्तान को एक करने के लिये खून बहाया है, इस को डिसइन्टीग्रेट नहीं करना चाहिये। लेकिन इस के बर खिलाफ 1953 में आन्ध्र अमल में आया। उस के बाद विशाल आन्ध्र का मुतालबा चलता रहा और आन्ध्र प्रदेश के फोर्म होने के पहले हैदराबाद के मुताल्लिक एस०आर०सी० रिपोर्ट में जिन अल्फाज का इस्तेमाल किया गया है-मैं उन को आपके सामने पढ़ कर सुनाना चाहता हूं—

"Hyderabad was an integrated unit with common geo-political features and it presented a miniature real culture of India and be preserved as a model of other States."

काश कि यह बात मानी जाती, तो आज मुल्क के जो हालात हैं, वह न होते। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और विशाल आन्ध्र के बारे में सोचा गया। हैदराबाद का यह मुतालबा था-हमारी स्टेट हर लिहाज से एक मौजूं स्टेट है, यहां भिन्न भिन्न जुबानों के बोलने वाले, भिन्न जगहों पर रहते हैं यहां इण्डिया का कल्चर है, इस लिये इस को न तोड़ा जाय। उनकी इकानामिक कन्सीडेशन्ज भी थीं, वायाबिल्टी भी थी, आबादी के लिहाज से और मालिये के लिहाज से भी उन्होंने प्रोटेस्ट किया कि आन्ध्र में अगर हम को डम्प कर दिया जायगा तो जो एन्टरप्राइजिज एरियाज हैं, व हम को कालोनी में तबदील कर देंगे। मैं उन अलफाज को भी आपको सुनाना चाहता हूं-

"The real fear of Telengana is that if they join Andhra they will be unequally placed in relation to the people of Andhra and in this partnership the major partner will deprive all the advantages immediately while Telengana itself may be converted into a colony by the enterprising coastal Andhra."

इस के बाद फजलअली कमीशन ने कई दूसरी बातों पर गौर करते हुए कहा कि गो आन्ध्र का कायम होना डिजायरेबिल है, मगर उस में कुछ तबानियत हो और किसी को कुछ शुब्हा न हो। इस के बाद तेलंगाना लीडर्स से गुफ्तगु हुई और नतीजे के तौर पर एक जैन्टिलमैन एग्रीमेन्ट हुआ इस जैन्टिलमैन एग्रीमेन्ट की इस चीज की मैं वजाहत करना चाहता हूं कि उस में यह एक प्रीकन्डीशन थी कि जिसकी बिना पर आन्ध्रप्रदेश का कयाम अमल में आया-जिस तरह से यू०एन०ओ० में व्हीटो पावर न होती तो आज यू०एन०ओ० न होता, उसी तरह से अगर यह प्रीकन्डीशन न होती तो आन्ध्र प्रदेश फार्म न होता। फजलअली कमीशन ने उस वक्त जो कुछ कहा था वह आज लफ्ज-ब-लफ्ज सही साबित हुआ है। आज हमको यह मानना पड़ेगा कि हमारे साथ कुछ अन्याय हुआ है, हमारा बहुत नुकसान हुआ है। अब अगर यह कहा जाय कि वहां के पब्लिक के नुमाइन्दे क्या करते थे, उन्होंने सामने आकर इस चीज को क्यों नहीं उठाया। उन्होंने उठाया, लेकिन जब वह कामयाब नहीं हुए, तो आम तौर पर यह इन्सानी फितरत होती है कि वह खुद-बखुद

[श्री गंगा रेड्डी]

उभर कर सामने आ जाती है। अब लोग मुतालवा करते हैं, एजीटेशन करते हैं और आजकल एक ऐसा दौर चल रहा है कि जब तक लोग एजीटेशन न करें, तोड़फोड़ न करें, उस चीज की तरफ निगाह नहीं जाती। यही आन्ध्र में भी हुआ।

लेकिन मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूँ कि आन्ध्र में कोई ऐसा वायलैंस नहीं हुआ, जिसको शिव सेना से कम्पेअर किया जाय। आन्ध्र का एजीटेशन कम्पेरेटिवली बिलकुल पीसफुल था। आज भी लावी में या बाहर प्रेस के लोग हम से पूछते हैं कि आप पब्लिक के नुमाइन्दे हैं, आपकी रिजनल कमेटी क्या करती रही, आपके एम०पीज० और एम०एल० एज० क्या करते रहे। मैं बड़ी नम्रता से मैं एक शेर अर्ज करना चाहता हूँ–

नाहक यह तोहमत है हम मजबूरों पर
जो चाहें आप करें, अल्म हमें बदनाम किया।

जब आप पावर में हैं तो जो चाहते है, हम से मनवा लेते है। जब जिम्मेदारी की बात आती है तो कहते हैं कि तुम जिम्मेदार हो, तुमने क्या किया। और अगर रिजनल कमेटी की रिपोर्ट पर नजर डालें तो आपको वाजा होगा कि हर वक्त बिना किसी हिचकिचाहट के हम उन तमाम चीजों को उनकी नजर में लाते रहे, यह चीज गलत है, यह इस तरह से होनी चाहिये, मगर उन पर कभी अमल नहीं हुआ और आप जानते हैं एक मसल मशहूर है कि हमेशा मजबूत आदमी कमजोर आदमी को दबा देता है, बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, वही चीज हमारे साथ हुई। अगर हम कोई दिल की आवाज निकालते तो हमें कहा जाता कि तुम गलत कह रहे हो। मैं यह कहता हूं कि हमें ऐसा सोचने का मौका ही क्यों दिया गया, क्यों हमारे साथ नाइन्साफी की गई। हमारे 6 हजार मुलाजमीन के साथ अन्याय हुआ है, उन का बहुत नुकसान हुआ है, जो मस्ल उस वक्त नौकरी की उम्र में थे, आज वे एज-बार हो गये हैं–इस की तलाफी कैसे होगी ? ललित कुमार की रिपोर्ट आई है, उस पर चर्चा हो रही है कि वह सही नहीं है। मैं उस पर कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन यह अर्ज जरूर करना चाहता हूँ कि अगर वरवक्त खर्च होता तो आज तेलंगाना वैकवर्ड न होता। वहां पर जितने वसायल हैं उन को अगर प्रापरली डवेलप किया जाता तो आज आन्ध्र की बद-किस्मती ऐसी न होती। आन्ध्र जिसको अन्न-दाता कहते है, अगर आप उस में घूम कर देखें तो आपको मालूम होगा कि वहां कितने जिले ऐसे है जहां वसायल रहते हुए भी ध्यान नहीं दिया गया और उसकी यह दुर्दशा हुई।

मैं अपने कुलीग्स को बताना चाहता हूं कि आन्ध्र बनने के पहले हैदराबाद एक ऐसी स्टेट थी कि जहां औरतें घर से बाहर नहीं निकलती थीं, घरों में पर्दा करती थी, लेकिन आज वे औरतें घर से बाहर निकल कर भूख-हड़ताल कर रही हैं। क्या कोई बाप पसन्द करेगा कि अपनी बेटी को बाहर बेपर्दा होने दे–आप को देखना चाहिये कि क्या तकलीफें हैं, जिनकी वजह से वह बाहर निकलने को मजबूर हुई और उन को एजीटेशन करना पड़ा। मेरे किसी दोस्त ने कहा कि वहां पुलिसमैन पर अण्डे फेंके गये, टमाटर फेंके गये–मैं आप से अर्ज करूंगा कि आप उन की मजबूरी का पता लगाइये कि ऐसा क्यों हुआ, उनकी बीमारी का पता लगाइये और उस के बाद दवा दीजिये। ऐसा न कहिये कि वह क्यों शोर मचाते हैं, यह बीमारी तक एप्रोच करने का गलत तरीका है।

मैं एक चीज पूछना चाहता हूं–जब 9 जिलों की आबादी डेढ़ करोड़ है और इतना बड़ा एजीटेशन चल रहा है, क्या गृह मंत्री जी बतलायेंगे कि वहां पर कितने कत्ल हुए, कितनी औरतों की असमत लूटी गई, कितने गोली के निशान बनाये गये, कितने लोगों की जानें

गई । महज़ लोगों की अटेन्शन को डायवर्ट करने के लिये ऐसी बातें कही जाती हैं । मैं यकीन के साथ कहता हूं कि कोई भी ऐसी बदइखलाकी या ऐसी चीज़ नहीं हुई है । मैं यह मानता हूँ कि जब इतना बड़ा कोई आन्दोलन होता है तो थोड़े एन्टीसोशल एलीमेन्ट्स ऐसे होते हैं जो ऐसे मौकों का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं और ऐसी हरकतें कर बैठते हैं ।

बहुत से लोगों ने हमारे चीफ मिनिस्टर को दोष दिया है और कहते हैं कि वह इस्तीफा दें । मैं तो यह कहूंगा कि हमारे प्रदेश में कोई और आदमी ऐसा हिम्मतवाला नहीं है जो कहे कि चलिये, ब्रह्मानन्द रेड्डी साहब, आप हट जाइये, मुझे मौका दीजिये, मैं हालात को सुधार सकता हूँ-ऐसा कोई नहीं कह सकता । अगर वह यह कहेगा तो दूसरे आदमी नाराज़ होंगे । यह बात सही है कि सभी को खुश करना बड़ा मुश्किल होता है । लेकिन मैं यह कहूंगा कि जिस खूबी के साथ इस सिचुएशन को सम्हाल रहे थे उससे अच्छा हो नहीं सकता । पर बदकिस्मती की बात यह है कि जो मतालिबात सन् 56 में दिए गए थे वही मांग रहे थे और आन्ध्र के भाई यह समझ बैठे कि हमको लूटना चाहते हैं । उन्होंने काउन्टर एजिटेशन शुरू किया बजाये इसके कि वे चीफ मिनिस्टर के हाथ और मजबूत करते और तेलंगाना वालों के दिलों में यह उम्मीद पैदा करते कि हम आपके साथ हैं, आप चाहते हैं तो थोड़ा और ले लें । जब बड़ा भाई माना तब फिर इतना जेनरस होना ही चाहिये था । वे थोड़ा दिलदार होते और कहते कि जो नुकसान हुआ उसके लिए और ज्यादा ले लो । लेकिन बजाय इसके उन्होंने एडमिनिस्ट्रेशन को डिस्टर्ब करने के लिए कदम उठाये ।

एक बात और है । हमारे दोस्तों ने यहां तक किया कि रेफ्यूजी कैम्प्स लगा दिए और उनको इस तरह से आर्गेनाइज़ किया जैसे कि पहले पाकिस्तान से आये हुए रेफ्यूजीज़ को हिन्दुस्तान में कैम्पस में रखा गया था । उसी पैमाने पर उन कैम्प्स को अरेंज किया गया विजयवाड़ा वगैरह में ताकि उनकी गम्भीरता मालूम हो सके । मैं यह कहना चाहता हूं कि सन् 56 का जो मुआहिदा था उसी को वे चाहते थे, कोई नयी चीज नहीं चाहते थे, फिर क्या जरूरत थी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाने की । मैं समझता हूँ कि हरएक का यह फर्ज है कि उनकी जो तकलीफ है उसको हल करने का काम करे । लेकिन इस मामले में जितने हमारे लीडरान हैं या जो दूसरे लोग हैं, सभी कन्फ्यूज्ड हैं कि इसका हल कैसे होगा । लीडर्स और पब्लिक के नुमाइन्दों की राय के बारे में आपने पढ़ा होगा, एम० एल० एज़० और एम० पीज० भी अपने नये नये विचार दे रहे हैं, एक विचार के कोई भी नहीं हैं । मैं आपके जरिए बताना चाहता हूँ कि ऐसी स्टेज आयेगी जिसमें ऐसी लालेसनेस होगी जिसको आप बन्दूक की गोलियों और पुलिस की लाठियों से सम्हाल नहीं सकेंगे । एक ह्यूमन प्राब्लम समझकर ही इसे आपको टैकिल करना होगा । जिस एरिया को आप बैकवर्ड समझते हैं उसकी तरक्की करने का रास्ता आपको निकालना चाहिये । इस मामले में मैं सेन्टर को भी दोष देता हूं । रीजनल इम्बैलेसेज़ को दूर करने के लिए सेन्टर को इमदाद करनी चाहिए । आज आन्ध्र प्रदेश की इतनी आमदनी नहीं है कि जो सरप्लस खर्च किया गया उसको वह पूरा कर सके और बैकवर्ड एरियाज़ को डेवलप करने के लिए उतना पैसा खर्च कर सके । इसलिए सेन्टर को चाहिये माली तौर पर, इन्तजामी तौर पर जितनी सहायता की जरूरत है उसको पूरा करे ।

मुझे थोड़ा सा मौका और दें क्योंकि यह मेरी रियासत का मामला है और मैं इसको अच्छी तरह से लोगों के सामने रख सकता हूँ । तो मैं यह कह रहा था कि इसके बारे में नये नये विचार आ रहे हैं, किसी के दिमाग में

[श्री गंगा रेड्डी]

क्लियर थिंकिंग नहीं हैं, कोई भी मसले को सुलझाने वाला नहीं है। इसकी वजह से अवाम और लीडर्स के बीच गल्फ और बढ़ गया है। इस समस्या को कोई समझना ही नहीं चाहता है और न कोई इस स्थिति में है कि इसको कन्ट्रोल कर सके। मैं चाहूँगा कि इस समस्या के भड़कने से पहले ही इसका इन्तजाम किया जाये वरना बाद में बहुत पछताना पड़ेगा। ऐसी गम्भीर स्थिति पैदा हो जायेगी जिसको फिर सम्हालना मुश्किल हो जायेगा। इसलिए मेरी अर्ज है कि जहांतक सरप्लस की बात है या मुलाजिमत की बात है जितना भी पैसा देने की बात है, उसके लिए कागज पर लिखने से या प्रेस स्टेटमेन्ट देने से कोई हल निकलने वाला नहीं है बल्कि अमली तौर पर यह बताना होगा कि यह हम करेंगे। काफी अरसा गुजर चुका है, गवर्नर एड्रेस में बताया गया, असेम्बली में वोट आन एकाउन्ट के वक्त बताया गया और पार्टी मीटिंग में भी हुआ, अब तो इसके लिए शाक ट्रीटमेन्ट की जरूरत है। पैसा फौरन रिलीज किया जाना चाहिये क्योंकि बरसात आने वाली है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि जो 9 करोड़ दिया गया है वह भी खर्च नहीं हो पायेगा, उसका बेश्तर हिस्सा लैप्स हो जायेगा। फिर यह बात कही जायेगी कि हमने पैसा दिया लेकिन आप खर्च नहीं कर पाये। मुझे इस बात का तजुर्बा है कि अगर 9 करोड़ खर्च करना है तो 25 करोड़ का काम लेना होगा। और अगर वक्त पर पैसा रिलीज होगा तभी वह काम हो पायेगा। आजकल वह रिलीज नहीं हुआ है और न कोई काम ही देखा गया है, न खर्चे के लिए कोई आर्डर्स ही दिए गए हैं। अगर बरसात में रिलीज होगा तो उसके बाद मार्च में माली साल खत्म हो जायेगा और वह पैसा भी लैप्स हो जायेगा। लोगों में जो डिसकन्टेन्टमेन्ट है वह उसी तरह से बरकरार रहेगा। इसलिए मैं समझता हूं कि यह सेन्ट्रल गवर्नमेंट का फर्ज है और साथ ही साथ अपोजीशन के लीडर्स का और हर भाई का फर्ज है कि वे बैठ कर इस मसले पर गौर करें इसमें एक दूसरे पर तोहमत लगाने या जिम्मेदारी आयद करने से कोई फायदा नहीं होगा। अगर इसका हल वह नहीं सोचते हैं तो मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ेगा :

न समझोगे तो मिट जाओगे ऐ हिन्दोस्तां वालो
तुम्हारी दास्तां तक न होगी दास्तानों में।

[شری گنگا ریڈی (عادل آباد) سبھاپتی جی میں آپ کا دل سے مشکور ہوں کہ آپ نے مجھے یہ موقع عنایت فرمایا کہ میں خاصکر ملک میں بڑھتی ہوئی Lawlessness افراتفری کے بارے میں اپنے وچار بیان کر سکوں جو بہار اور اندھرا میں پیدا ہوئے ہندوستان کی تقسیم جدید لسانی بنیادوں کی تاریخ ۱۹۰۵ سے شروع ہوتی ہے جبکہ بنگال کی تقسیم ہوئی تب کانگریس نے یہ آواز بلند کی تھی کہ ایک زبان کے بولنے والے ایک ہی پر دیش میں رکھے جائیں اور اس کے ٹکڑے نہ کیے جائیں—

اس کے بعد ۱۹۱۷ میں—۱۹۲۰ میں ۱۹۲۷ اور ۱۹۲۸ میں اس قسم Resolution adopt کیئے گئے—۱۹۳۸ میں کانگریس ورکنگ کمیٹی نے وردھا میں یہ طے لیا کہ آزادی کے بعد اگر کانگریس برسراقتدار آئے—تو ہندوستان کی تقسیم جدید لسانی بنیادوں پر کریگی—۱۹۴۵-۴۶ کے الیکشن میں کانگریس نے اپنے Election Menefesto میں اسی بات کو لیکر الیکشن لڑا لیکن اسکے ایک ہی سال بعد جب آزادی ملی تو پنڈت نہرو نے

۲۷-۱۱-۴۷ کو اسی سدن میں کہا تھا کہ بدلے ہوے حالات کے مدنظر ہم کو یہ چیزیں پوچھنی چاہئے-اس کے بعد دھار کمیٹی-.J.V.P کمیٹی کی تقریر ہوئی- انہوں نے یہ کہا کہ محض لوگوں کے وچار اور رضامندی سے یہ چیزیں عمل میں لانی چاہیے-اس کے بعد ۱۹۵۲ میں پنڈت نہرو نے اسی سدن میں یہ بھی کہا تھا کہ ایسی چیزوں کے عمل آوری سے ہندوستان کے انتظام اور یکسالمیت کو نقصان پہنچے گا- لہاذا ایسی چیزوں کو ابھی سوچا نہیں جائے اس کے بارے میں راجگوپال آچاریہ نے کہا تھا کہ ہندوستان کی تقسیم انسانی بنیادوں پر سوچنا ہی ایک Tribal affair ہے-سردار ولبھ بھائی پٹیل کے وچار تھے کہ جس ہندوستان کو ایک کرنے میں چو لاکھوں کا نقصان بھایا گیا اس کو Disintegrate نہیں کرنا چاہیے لیکن اس کے برخلاف اندھرا کا خیال ۱۹۵۳ میں عمل آیا اس کے بعد وشال اندھرا کا مطالبہ جاری رہا اور آندھرا پردیش کے قیام سے پہلے حیدرآباد کے متعلق .S. R. C رپورٹ میں جن الفاظ کا استعمال کیا گیا ہے میں ان کو پڑھکر سنانا چاہتا ہوں-

"Hyderabad was an integrated unit with common geopolitical features and it preserved a miniature real culture of India and be preserved as a model for other states"

کاش کہ یہ بات مانی جاتی تو آج ملک کے جو حالات ہیں وہ نہ ہوتے لیکن اس پر کوئی دھیان نہیں دیا گیا-اور قیام وشال آندھرا کے بارے میں سوچا گیا- حیدرآباد کا یہ مطالبہ تھا کہ یہ ریاست ہر لحاظ سے ایک موزوں ریاست ہے یہاں ہر بھن بھن جاتی اور زبان کے بولنے والے بستے ہیں-یہاں کا culture صحیح طور پر ہندستان کا culture ہے اس سے اسکے ٹکرے نہ کئے جائیں اس کی آبادی-مالیتی اور ہر لحاظ سے یہ ایک Voible unit ہے-

حیدرآباد والوں نے یہ Protest (اعتراز) کیا کہ اگر ہم کو آندھرا میں ضم کر دیا جائے تو جو enterprising Andhra والے ہیں وہ ہم کو Colony (کالونی) میں تبدیل کردینگے میں .S. R. C کے یہ الفاظ بھی سنانا چاہتا ہوں-

"The real fear of Telengana is that if they Join Andhra, they will be unequally placed in relation to the people of Andhra and in this partnership the major partner wil deprive all the advantages immediately while Telengana itself may be converted into a colony by the enterprising coastal Andhra".

اس کے بعد فضل علی کمیشن .S.R.C نے کئی دوسری باتوں پر غور کرتے ہوے کہا کہ گو آندھرا پردیش کا قیام Desirable ہے مگر اس کے لئے کچھ تحفظات Guarantee ہونا کہ تلنگانا والوں کو شبہ نہ ہو اس کے بعد تلنگانا اور آندھرا لیڈرس کی گفتگو ہوئی اور نتیجہ کے طور پر ایک معاہدہ ہوا جسکو Gentlmen's agreement کہتے ہیں میں اس کی وضاحت کرنا چاہتا ہوں کہ یہ معاہدہ آندھرا پردیش کے قیام کے لئے ایک Precondition (شرط) تھی جنکی بنا پر آندھرا پردیش کا قیام عمل میں

[شری گنگا ریڈی]

آیا-جس طرح سے کہ U. N. O. میں Veto-power نہ مانی جاتی تو U. N. O. کا قیام نہ ہوتا اس طرح سے یہ Precondition نہ ہوتی تو آندھرا پردیش قایم نہ ہوتا-

فضل علی کمیشن نے اس وقت جو کچھ کہا تھا آج وہ لفظ بہ لفظ صحیح ثابت ہوا اور ہم کو آج یہ ماننا پڑیگا کہ ہمارے ساتھ بھاری انیائے (ناانصافی) ہوا اور ہمارا بھاری نقصان ہوا-اب یہ کہا جائے تو تلنگانا کے عوامی نمائندے اب تک کیا کرتے رہے- انھوں نے ہر وقت سامنے آکر اس مسلہ کو کیوں نہیں اٹھایا اس مسلہ کو انھوں نے کئی بار اٹھایا مگر وہ کامیاب نہیں ہوئے عام طور پر ایسا ہوتا ہی ہے۔ یہ ایک انسانی فطرت ہے کہ جب ناانصافی ہوتی ہے تو جذبات خود بہ خود ابھرکر سامنے آجاتے ہیں۔ اور لوگ agitation کرتے ہیں۔ آجکل ایک ایسا دور چل رہا ہے کہ جبتک کہ لوگ agitation نہ کریں توڑ پھوڑ نہ کریں نہ اس چیزوں کی طرف ہماری نگاہ ہی نہیں جاتی ایسا ہی آندھرا میں ہوا۔ لیکن میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ آندھرا میں کوئی ایسا Voilence نہیں ہوا جس کو بمبئی کے شیو سینا سے مقابلہ کیا جائے آندھرا کا agitation مقابلتن Peaceful تھا آج بھی lobby میں اور دوسرے لوگ ہم سے یہ پوچھتے ہیں کہ وہاں کے پبلک کے نمایندے اور آپکی Regional Committee کیا کرتے رہی آپ کے M-Ps اور M.L.As کیا کرتے رہیں میں بڑی امرتا (ادب) سے آپ کو ایک شعر سناتا ہوں-

”ناحق یہ تہمت ہے ہم عبوروں پر
جو چاہے سو آپ کریں عبث ہمیں بدنام کیا“

جب آپ اقتدار میں ہوتے ہیں جو چاہتے ہیں ہم سے منوالیتے ہیں اور جب ذمہ داری کی بات آتی ہے تو کہتے ہو کہ تم ذمہ دار ہو تم نے کیا کیا-آپ اگر Regional Committee کے رپورٹس پر نظر ڈالیں تو آپ پر یہ واضح ہو جائیگا کہ ہروقت بنا ہچکچاہٹ کے ہم نے ان تمام چیزوں کو ان کے توجہ میں لائے کہ یہ غلطیاں ہو رہی ہیں اور وہ اس طرح سے ہونی چاہئے مگر ان پر کبھی عمل نہیں ہوا اور آپ جانتے ہیں کہ ایک مثل مشہور ہے کہ ہمیشہ مضبوط آدمی کمزور آدمی کو دبا دیتا ہے بڑی مچھلی چھوٹی مچھلی کو کھا جاتی ہے وہی ہمارے ساتھ ہوا-جب ہم کبھی دل کی آواز نکالتے ہیں تو کہا جاتا ہے کہ یہ غلط ہے تو میں کہوں گا کہ ہمیں ایسا سوچنے اور کہنے کا موقع ہی کیوں دیا گیا-کیوں ہمارے ساتھ ناانصافی ہوئی ہمارے تقریبا ۶۰۰۰ ملازمین employees کے ساتھ انیائے (ناانصافی) ہوئی ان کا وہ نقصان ہوا ہے جسکی تلافی نہیں ہو سکتی-جو شخص اسوقت نوکری کے اہل تھا مگر وہ agebar ہوگیا۔

کمار للت (Kumar Lalit) کی رپورٹ آئی ہے اس پر چرچا ہورہی ہے کہ وہ صحیح نہیں ہے میں اس بارے میں کچھ کہنا نہیں چاہتا مگر یہ عرض کر

دینا چاہتا ہوں کہ اگر بروقت یہ رقم تلنگانا میں خرچ ہوتی تو آج تلنگانا Backward نہیں ہوتا اور وہاں پر جتنے وسائل ہیں اگر انکو Properly develop کیا جاتا تو اس علاقہ کی ایسی درگتی نہیں ہوتی۔ آندھرا جس کو ان داتا کہتے ہیں اگر اس کو غور سے دیکھیں تو آپ کو معلوم ہوگا کہ وہاں کتنے ضلع ایسے ہیں کہ جہاں ہر وسائل کے رہتے ہوئے بھی ان کے Development کا خیال نہیں کیا گیا اور اس کی یہ درگتی ہوئی۔

میں اپنے ساتھیوں کو یہ بتانا چاہتا ہوں کہ حیدرآباد ایک ایسی ریاست تھی جہاں عورتیں پردا کرتی اور گھر سے باہر نہیں آتیں۔ لیکن آج وہی عورتیں گھر سے باہر آکر بھوک ہڑتال کررہی ہیں کیا کوئی باپ یہ پسند کریگا کہ اس کی بچیوں کو بے پردہ ہوکر ایسی ہڑتال کرانے دیں۔ مگر آپ کو یہ دیکھنا ہوگا کہ ان کو کیا تکلیف ہے جس کی وجہ سے وہ باہر نکلنے کے لئے مجبور ہوئیں اور ان کو استعمال agitation کرنا پڑ رہا ہے میرے کسی دوست نے یہ کہا کہ وہاں پر سینٹر کے وزرا پر انڈے اور ٹماٹر پھینکے گئے میں آپ سے یہ عرض کرونگا کہ آپ ان کی تکلیف اور مجبوریوں کا پتہ لگائیں کہ ایسا کیوں ہو رہا ہے ان کی بیماری کا پتا لگا کر اس بیماری کی دوا دینا ہے ایسا نہ کہیئے کہ وہ کیوں شور مچاتا ہے اور تڑپتا ہے ورنہ یہ بیماری کے علاج کا غلط طریقہ ہوگا۔ میں آپ سے ایک سوال پوچھنا چاہتا ہوں کہ جب ۹ ضلع کی آبادی 1½ کروڑ کی ہو جہاں پر اتنا بڑا agitation چل رہا ہوگیا گرہ منتری جی Home Minister یہ بتائینگے کہ وہاں پر کتنے قتل ہوئے کتنی عورتوں کی عصمتیں لوٹی گئیں کتنے لوگ گولی کے نشانے بنے اور کتنے لوگوں کی جانیں گئیں۔ میں یقین کے ساتھ کہونگا کوئی ایسی خطرناک حالت نہیں ہوئی محض لوگوں کو متاثر کرنیکے لئے ایسی باتیں کہی جاتی ہیں۔ جہاں کہ ایسا بڑا آندولن ہوتا ہے تو تھوڑے بہت Unsocial element ایسے موقع سے فائدہ اٹھاکر کچھ غلط حرکتیں کر بیٹھتے ہیں۔

بہت سے لوگوں نے ہمارے چیف منسٹر کو دوش دیا اور کہتے ہیں کہ وہ فوری مکتی ہوجائیں میں یہ کہونگا کہ اب وہاں پر کوئی آدمی ایسا نہیں ہے جو یہ کہے کہ چلئے برہمانند ریڈی صاحب آپ مکتی ہو میں حالات کو بالکل درست کردونگا آج کے حالات میں کوئی ایسا نہیں کہہ سکتا اگر ایسا کریگا تو دوسرے حصوں سے اسکی مخالفت ہوگی یہ سچ ہے کہ ایک شخص ہر ایک کو خوش نہیں کرسکتا۔

میں یہ کہونگا کہ چیف منسٹر نے شروع میں جس خوبی کے ساتھ situation کو سنبھال رکھے تھے اس سے اچھا ممکن نہیں تھا مگر بدقسمتی کی بات جبکہ ہم سے وہی نشان Guarntees مانگ رہے تھے جو ۱۹۵٦ میں دیئے گئے تھے مگر ہمارے آندھرا کے بھائی یہ سمجھ بیٹھے کہ ہم ان کو لوٹنا چاہتے ہیں۔ انہوں نے غیر ضروری Counter agitation شروع کیا بجائے چیف منسٹر کے ہاتھ مضبوط کرنے اور

والی ھے جس کو آپ بندوق کی گولیون اور پولس کی لاٹھیون سے اسکو نہیں سنبھال سکین گے-میں اس معاملے مین سنٹرل گورنمینٹ کو دوش دینا ھون- دیش مین Regional Imbalances کو دور کرنیکے لئے سنٹرل گونمینٹ کو امداد دینی چاھیے-

آج آندھرا کی اتنی آمدنی نہین ھے کہ جو تلنگانا کے Surpluses آندھرا مین خرچ کرسکے وہ واپس کرسکے اس لئے شسٹر کو چاھئے کہ آندھرا کو مالی طور پر انتظامی طور پر جتنی امداد ھو فوری دین-سنبھالتی ہی مجھے کچھ اور وقت دیجیے چونکہ یہ میری ریاست کا مسلہ ھے مین وھان کے حالات اس سدن کے سامنے رکھنا چاھتا ھون-

تلنگانا کے بارے مین لئے لئے وچار آرھے ھین کسی کے دماغ مین اس بارے مین Clear thinking نہیں ھے کوئی ٹھوس اقدام لیکر اسکو حل کرنا ھی چاھئے- اس کی وجہ سے آج اندھرا پردیش مین عوامی نمائندون مین اور عوام بھی ایک (Gulf)خلا پیدا ھو گیا ھے اور ربط باقی نہین ھے اس مسلہ کو سنجیدگی سے کوئی سلجھانا نہین چاھتا اور اگر اس ماملے کو فوری حل نہ جائے تو یہ مسلہ بڑھکے گا اور اس سے قبل ھی اس کا موزون انتظام ھوجانا چاھئے ورنہ ھمین پچھتانا پڑے گا کہ ایسی گمبھیر استتی (حالات) پیدا ھوجائیگی کہ جس کو سنبھالنا بالکل مشکل ھوجائیگا- اس لئے میری عرض ھے کہ جھان تک کہ Safeguards کی عملآوری ھے-ملازمین

(شری گنگاریڈی)

تلنگانا والون کے دلون مین یہ یقین پیدا کرنے کہ ھم سب تمھارے ساتھ ھین آپ اپنا حصہ ھی میں اگر چاھین تو تھوڑا بھت زیادہ بھی لے لو تو ایسا نہین ھوتا-جب ھم نے انکو اپنا بڑا بھائی مانا تو انکو Generous ھونا تھا اگر وہ تھوڑے بھت دلدار ھوتے اور کھتے کہ جو نقصان ھوا اس کی تلافی ھی نہین بلکہ زیادہ لے لو ایسا کرلینے کے بجائے انھون نے معاملہ کو سنگین بنا دیا اور انھون نے یھان تک کیا کہ انھون نے Refugee Camps وغیرہ کھولے اور ان کو ایسے Organise کیا جیسے حکومت ھند نے پاکستان کے Refugees کے لئے کیا تھا-ویسے وارڈ وغیرہ ھین ایسا ھونا کہ مسلہ کی گمبھیرتا معلوم ھو-میں آپ کو یہ بتانا چاھتا ھون کہ ۱۹۵۶ کا معاھدہ تھا ھم اس کی عمل آزادی چاھتے تھے اور کوئی نئی بات نہیں چاھتے تھے پھر آندھرا والوں کو کیا ضرورت تھی کہ وہ Supreme Court, High court کے دروازے کھٹکھٹاتے-

میں سمجھتا ھون کہ یہ ھر ایک کا فرض ھے کہ تلنگانا والون کی جو تکلیف ھے اس کے حل کا طریقہ سوچے لیکن اس مسلہ مین جتنے ھمارے لیڈر ھیں وہ سب کے سب Confused ھین کہ اس کا حل کیسے ھو-لیڈر MLAs-MPs کی رائے مین لئے لئے وچار ھیں میں آپ کو بتانا چاھتا ھون کہ اگر اس کا حل فوری نہ نکالا جائے تو ایسی حالت ھونے

کا مسلہ ہو کہ Surpluses کا کاغذ پر لکھیے سے یا Press statements دینے سے اس کا کوئی حل نکلنے والا نہیں ہے بلکہ عملی طور پر اقدامات کئے جائیں اب تک کافی عرصہ گذرچکا گورنرایڈریس میں اس بارے میں بتایا گیا اسمبلی میں اس بارے میں اعلان کیا گیا اور کانگریس پارٹی میں اسکا ذکر کے باہر آیا مگر ایسے عملیات سے کچھ ہونے والا نہیں اس کے لئے اب تو Shock treatment کی ضرورت ہے Supluses فوری Release کیئے جائیں چونکہ برسات آنے والی ہے میں آپ کو بتانا چاہتا ہوں کہ جو ۹ کروڑ دئیے گئے ہیں وہ خرچ ہو نہیں پائگا اس کا بیشتر حصہ lapse ہو جائیگا پھر یہ بات کہی جائگی کہ ہمنے پیسہ دیا لیکن آپ خرچ نہیں کرپائے مجھے اس بات کا تجربہ ہے کہ اگر ۹ کروڑ خرچ کرنے ہیں تو کم از کم ۲۵ کروڑ کا کام ہاتھ میں لیں اور رقم بر وقت Release ہو ابتک نہ ہی کام شروع ہوئے نہ ہی رقم Release ہوئی اگر برسات میں رقم Release ہو تو کوئی کام نہیں ہو سکے گا اور مارچ ختم پر رقم lapse ہو جائگی اور لوگوں میں جو Discontent ہے وہ جوں کہ توں برقرار رہیگی-

میں سمجھتا ہوں کہ سنٹر گورنمینٹ اور Oposition leaders کا فرض ہے کہ وہ سب بیٹھکر اس مسلہ پر غور کریں اور اس کا حل نکالیں ایک دوسرے پر تہمت لگانے یا ذمہ داری عائد کرنے سے کوئی فائدہ نہیں اگر اس کا حل فوری نہ نکالا گیا تو مجھے بڑے افسوس کے ساتھ یہ کہنا پڑیگا-

نہ سمجھوگے تو مٹ جاؤگے اے ہندوستاں والو

تمہاری داستاں تک بھی نہ ہوگی داستانوں میں]

श्री निहाल सिंह (चन्दौली) : सभापति महोदय, मैं इस मांग का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं क्योंकि दो ढ़ाई साल के अन्दर गृह मन्त्रालय ने कोई अच्छा काम नहीं किया है। लगातार खराबियों पर खराबियां बढ़ती गई हैं। दो साल के अन्दर विद्यार्थियों की हड़ताल इतनी उच्चतम सीमा पर हुई कि सरकार ने विश्व-विद्यालयों की स्वायत्तता को नष्ट करके वहां पर पुलिस और पी० ए० सी० का अखाड़ा बना दिया। शिक्षकों, गुरुजनों की हड़ताल अपनी रोजी रोटी के लिए इतनी तेज बढ़ी कि दो वर्ष के अन्दर गुरुजन यूनिवर्सिटीज़ में न जाकर जेलों की हवा खाने लगे।

इसके साथ-साथ आश्चर्य की बात है कि हिन्दुस्तान इतना पिछड़ा हुआ देश है जहां पर इन्जीनियर्स के द्वारा तरक्की करने के लिए इतने भू-भाग खाली हैं, उन्नति के करने इतने जरिए हैं, फिर भी इस देश के इन्जीनियर्स इस सर-कार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, उनको तरक्की करने का कोई स्थान नहीं रह गया है, इन्जीनियर्स बेकार होने लगे हैं। इसी के साथ साथ पुलिस के द्वारा भी अपनी रोजी रोटी के लिए प्रदर्शन होने लगे। पुलिस इसलिए प्रदर्शन करती हैं कि उसको भरपेट खाना नहीं मिलता है। भ्रष्टाचार का नाम बहुत लिया जाता है लेकिन भ्रष्टाचार सरकार की तरफ से कराया जाता है। सरकार का रवैया ही ऐसा है जिसके कारण भ्रष्टाचार में इतनी बढ़ोत्तरी हो रही है। जब पुलिस का नौजवान जाड़े की रात्रि में पहरा देता है और उसके बाद जब घर आकर देखता है कि उसके बच्चे खाने के बिना बिलबिला रहे हैं, जाड़े के मौसम में उसके बच्चों के पास तन ढकने के लिए कपड़ा नहीं है

[श्री निहाल सिंह]

तो फिर दीवाल पर लिखी हुई लाइन को, कि घूस लेना पाप है, वह सहन नहीं कर सकता है और घूस लेने के लिए बाध्य हो जाता है। ज्यों-ज्यों इस देश में पुलिस की संख्या बढ़ती गई है त्यों-त्यों इस देश में अपराधों की संख्या बढ़ती गई है। पुलिस की संख्या .....

15 57 hrs.

[श्री वासुदेवन नायर पीठासीन हुए]

अपराधों को रोक नहीं सकती है। पुलिस की दशा सुधारने से भ्रष्टाचार मिट सकता है और घूस-खोरी मिट सकती है लेकिन सरकार का ध्यान कभी भी उनकी दशा सुधारने की तरफ नहीं गया बल्कि उनकी बढ़ोत्तरी की तरफ ही गया है। सरकार तो यही चाहती थी कि एक ऐसी पलटन तैयार हो जाये जोकि वक्त बे वक्त सरकार को काम देती रहे लेकिन नतीजा उलटा ही होता रहा। गृह मन्त्री का घर घेरा जाता रहा, पुलिस के प्रदर्शन होते रहे। दो ढ़ाई वर्षों का नतीजा यही रहा।

इसी के साथ-साथ साम्प्रदायिकता का इतना उभाड़ हुआ कि जिसकी कहानी कही नहीं जा सकती है। अभी तक तो हिन्दू मुसलमानों के बीच में ही साम्प्रदायिकता का उभाड़ होता था लेकिन इस चुनाव के दर्मियान हमने देखा कि ऊंची जाति और छोटी जाति के दो वर्ग तैयार हो गये। छोटी जातियां सोचती थीं कि हम संख्या बल में अधिक हैं, हम सरकार पर हावी हों और ऊंची जातियां सोचती थीं कि बुद्धी बल तो हमारे पास है, हम उस पर कब्जा करें। अब ये दो वर्ग खुलकर इस देश में सामने आये हैं। छोटी जाति और बड़ी जाति में कितना संघर्ष हुआ है, इस सम्बन्ध में मैं जहां से जीत कर आया हूं चन्दौली से, जहां से कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष लड़े थे, वहां का मैंने जिक्र भी किया था कि जिन-जिन पोलिंग स्टेशन्स पर हरिजनों को वोट देने नहीं दिया गया, उन्हीं पोलिंग स्टेशन्स पर सबसे अधिक वोट पोल हुए हैं। यह पुलिस की करामात और कांग्रेस अध्यक्ष की करामात थी कि सरकारी नौकरों को मिला जुला कर वोट दिलाये गये और मूवेबिल वोट दिलाये गये, जो एक ही वोट कई स्थानों पर वोट देता था और सरकारी तन्त्र उन से मिला हुआ था। कोई गिरफ्तार नहीं किया गया। वहां पर एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जो निर्दोष था। निगुरा पोलिंग स्टेशन पर पुलिस ने एक संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के एजेन्ट को जबरदस्ती पटक दिया और पुलिस के एस० एम० पी० ने उस के नीचे से एक जाली पिस्तौल उठाया और कहा कि यह पिस्तौल इस के हाथ में था, और उस को जेल भेज दिया। इस तरीके से वहां का चुनाव जीता गया है। कारण क्या था? कारण यह था कि वहां जो दूसरा कैंडीडेट था वह हरिजन था और उस का दूसरा नम्बर था। अगर स्वतन्त्र वोट कराया गया होता तो शायद जिस तरह से 1967 के चुनाव में कमलापति जी हारे थे उसी तरह से इस चुनाव में भी हार गये होते। भ्रष्टाचार का यह सब से बड़ा नमूना इस दो वर्ष की सरकार में आया है। गोलियों का तांता इतना तेज चला है कि जिस की गणना नहीं की जा सकती है।

16 hrs.

गवर्नर स्वतन्त्र तो थे ही अब वह स्वच्छन्द भी हो गये। जो भी सरकार अल्पमत में हो, जहां अल्पमत के लोग हैं उन्हीं के पक्ष के नेता को नियुक्त करना और एक ऐसी व्यवस्था बना देना ताकि सरकार चलती रहे इस तरीके का रवैया केन्द्र के इशारे पर चला है। और जहां बहुमत का नेता हो, उस नेता की और उस सरकार की बातों को न मानना और स्वच्छन्द दृष्टि से कार्य करना यही गवर्नरों का काम

हो गया। गवर्नर स्वच्छन्द हो गये हैं, ऐसा मालूम होता है कि गवर्नर अपनी स्वतन्त्रता से नहीं बल्कि किसी केन्द्रीय इशारे पर चल रहे हैं। जब तक केन्द्र का गवर्नरों के साथ और प्रान्तों के साथ इस तरीके का रिश्ता लगा रहेगा तब तक केन्द्र और प्रान्त का रिश्ता ठीक से नहीं निभ सकेगा। इसलिए मैं कहूंगा कि आज जो केन्द्रीय सरकार कर रही है यह रवैया ठीक नहीं है।

सभापति जी, इस देश में अन्ध विश्वास बढ़ा है। नरबलि की घटनायें इतनी तेज हुई हैं कि लोग यह सोचने लगे हैं कि जो हजारों वर्ष पूर्व कहानियों में सुना जाता था उसी तरीके से नर बलि की घटनायें इस देश में चली हैं। अन्ध विश्वास बढ़ा है। मनुष्य का जीवन कबूतर की तरह हो गया है। इतना ही नहीं एक अमानवीय कार्य भी प्रारम्भ हुआ है। माता के साथ बेटे का यौन सम्बन्ध पुलिस थाने में बैठा कर के और जबरदस्ती माता के ऊपर बेटे को लिटा कर के इस तरह से यौन सम्बन्ध कराया गया है जिस से प्रकृति भी लज्जित हो गई है। यह रवैया आज तक सरकार का रहा है।

सेनाओं का निर्माण इतनी तेजी से बढ़ा है जैसे शंकर को एक बार व्यामोह हो गया था और उन्हों ने भस्मासुर को तलवार दे दी और उस ने अपना प्रथम परीक्षण शंकर पर ही किया था तो शंकर को बचाने के लिए विष्णु भगवान को एक सुन्दरी का रूप धारण कर के आना पड़ा। उसी प्रकार से गृह मन्त्री महोदय ने जो सेनाओं को आशीर्वाद दे दिया है बम्बई में, उस की हालत यह रही है कि अभी तक तो गृह मन्त्री गृह को जलाते थे लेकिन उस सेना ने बम्बई की अट्टालिकाओं को जलाना प्रारम्भ कर दिया है। यदि उस ने अन्तिम परीक्षण गृह मन्त्री पर शुरू कर दिया तो आप बतलाइये कि कौन सी सुन्दरी आयेगी अपना रूप धारण कर के जो गृह मन्त्री को बचायेगी ?

इसी तरह से कर्मचारियों की हड़ताल इतनी तेजी से चली है कि ऐसा लगता था कि कुछ दिन तक इस देश में कोई सरकार ही नहीं रह गयी है, और सरकार विहीन देश हो गया हैं। इस तरह से देश की हालत एकदम खराब हो गई है। साथ ही साथ मन्त्रियों की सेना बढ़ती गई है। मन्त्रियों की सेना कम कर के खर्च घटाया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। दिनों दिन मन्त्रियों की सेना बढ़ती जा रही है, और देशी नरेशों की थैलियों को कम कर के भी खर्चा घटाया जा सकता था वह भी काम नहीं किया गया है। इसलिए मैं गृह मन्त्रालय की मांग का विरोध करता हूं।

श्री सीता राम केसरी (कटिहार) : मान्यवर, गृह मंत्रालय की मांग का समर्थन करते हुए मैं भी कुछ अपने सुझाव पेश करना चाहता हूँ। सर्व प्रथम भाषा के सम्बन्ध में जो सेठ गोविन्ददास जी ने कहा और हमारे एक जनसंघ के माननीय शालवाले जी ने जो तर्क दिये हैं उन के उत्तर में ये बातें आप के सामने मैं कहना चाहता हूं कि उन्होंने कहा कि अंग्रेजी को हटाने के लिए विरोध नहीं है। अंग्रेजों को हटाने में सारे देश में एकता थी और अंग्रेजी भी हटाने में एकता थी। यह ठीक है कि जिस समय अंग्रेज यहां थे हमारे देश में अंग्रेजों को हटाने के लिए एक मत था देश एक मत था और अंग्रेज गये उस समय भाषा का जहां तक प्रश्न है और जो गांधीजी का नाम लेते हैं, लोगों को मैं तो नहीं समझता भाषा का नाम लेकर गांधी जी का नाम लेने की क्या आवश्यकता थी। और जहां तक मुझे याद है अगर कांग्रेस के इतिहास के पन्नों को उलटें तो देखेंगे गांधी जी ने हिन्दी की जगह पर हिन्दुस्तानी चलाने की एक योजना बनाई थी। मगर वह नहीं चली।

दूसरी बात यह है कि आज अंग्रेजी हटाने के लिए मेरे ख्याल में इस देश में वह एकता नहीं है जो अंग्रेजों को हटाने के लिए

[श्री सीताराम केसरी]

इस देश में एकता थी। इसलिए अब देश की एकता कैसे बरकरार हो उस को मद्देनजर रखते हुए हमें भाषा के सम्बन्ध में आन्दोलन चलाना चाहिए या विरोध करना चाहिए।

डी० एम० के० के मित्र ने ठीक ही कहा कि यदि आप भाषा को ले कर आन्दोलन करेंगे तो दक्षिण में, विशेष कर मद्रास, आन्ध्र या मैसूर, जहां पर भी भाषा को ले कर आन्दोलन है, वह आन्दोलन ज्यादा दिन तक नहीं ठहरता यदि हम लोगों ने हिन्दी के सम्बन्ध में उत्तर भारत में आंदोलन नहीं चलाया होता। जैसा मुझे पता है वहां पर सिनेमा जो हिन्दी में होते हैं उसे देखने में वह ज्यादा लोग दिलचस्पी लेते हैं, और हिन्दी का प्रचार जिस ढंग से हो रहा था उस में एक अवरोध आ गया है और अब वह एक राजनैतिक हथकंडा बन गया है। भाषा और उसके आधार पर लोग देखते हैं कि कितनी दूरी तक हम जनता को अपने स्वार्थ अनुसार बना सकते हैं, या ऐक्सप्लायट कर सकते हैं। राष्ट्रीय सरकार ने भाषा के सम्बन्ध में जो नीति अपनायी है उन का मैं समर्थन करता हूं और अपने दोस्तों से कहता हूं कि भाषा को ले कर के जो आज मुल्क में बहुत सारी समस्यायें उठ खड़ी हुई हैं, जो विघटनकारी प्रवृत्तियां पैदा हुई हैं, देश को जो बिखराव की तरफ जा रहा है, देश की अखण्डता पर जो आघात हो रहा है, उन कारणों में भाषा भी एक मुख्य कारण बनती जा रही है। विघटनकारी इसी प्रकार से महाराष्ट्र में शिव सेना है दक्षिण भारत में गोपाल सेना, केराला में लाल सेना इत्यादि जो प्रान्तों में क्षेत्रीय विचारधारा को फैलाती जा रही है। देश को बिखेरती हुई जा रही है उस में अभी तक रुकाव नहीं आया है। इसलिए मैं गृह मन्त्रालय का ध्यान इस ओर आकर्षित करूंगा कि आज देश में, विशेषकर दो सालों से जो प्रवृत्ति पैदा हो रही है क्षेत्रीय आधार पर प्रदेशों की मांग यह देश की अखण्डता के लिए एक चुनौती है, खतरा है, इस प्रवृत्ति का हमें मनोवैज्ञानिक आधार पर हल निकालना चाहिए और ये जो आंदोलन विभिन्न प्रकार के हो रहे हैं इन को रोकें। और कोइ ऐसी योजना बनायें जिस से जो बिखराव की प्रवृत्ति है, राष्ट्रीय भावना का अभाव है उस में रुकावट हो। नहीं तो मुझे सन्देह है कि देश की अखण्डता, लोकतन्त्र की अखण्डता खतरे में पड़ जायेगी।

दूसरे दिन मैं अखबार पढ़ रहा था कि किस प्रकार देश की अखण्डता के विरोधी सीमाओं पर काम कर रहे हैं। मैंने पढ़ा कि नागालैंड से ले कर लद्दाख तक हिमालय की तराई में हिन्दुस्तान की अखडता पर आघात करने के लिए एक भयंकर योजना बन रही है। दुश्मन देश के लोग इसके सक्रिय हैं उस ओर मैं चाहता हूं कि गृह मन्त्रालय का ध्यान जाय। हांलाकि उस मे डिफेंस डिपार्टमेंट का ध्यान जाना ही चाहिए क्योंकि उस का काम है। परन्तु जहां तक आप की सीमा सुरक्षा का सवाल है, सीमा सुरक्षा से पुलिस का सम्बन्ध है। जैसे कि नागालैंड और मीजोलैंड में, तो पुलिस का ध्यान जाना चाहिए। यद्यपि आप ने असम का पुनर्गठन किया, एक अच्छी चीज हैं, क्षेत्रीय जो विचार हैं उस को आप ने एक सान्त्वना के रूप में दिया है मगर समूचे देश को मद्देनजर रखते हुए और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को मद्देनजर रखते हुए मैं समझता हूं कि इस प्रकार की प्रवृत्ति पर अगर रोक नहीं लगाई जायगी, अंकुश नहीं लगाया जायगा तो देश की अखण्डता खतरे में पड़ेगी।

होम मिनिस्टरी ने अपनी बजट मांगों में आदिमजातियों के सुधार और कल्याणार्थ विशेष रूप से ध्यान नहीं दिया है। जो धनराशि इस के लिए इस मन्त्रालय ने सन् 67–68 के दौरान रक्खी थी वही रकम सन् 68–69 के लिए भी दी है। उसे आप ने बढ़ाया नहीं है। इस के विपरीत हम देखते हैं कि पुलिस के लिए

और गृह मन्त्रालय के लिए आप ने पहले की अपेक्षा काफी रकम बढ़ाई है। मेरा ख्याल है कि पुलिस में जो एक भावना पैदा होनी चाहिए थी जैसी कि यू० के० की पुलिस में है कि देश के तमाम नागरिक को अपने मित्र व बन्धु समझते हैं। यह भावना अपनी पुलिस के अन्दर पैदा नहीं की है। पुलिस में जो कार्यक्षमता आनी चाहिए वह उन में अभी नहीं आई है। मन्त्रालय में एफिशिऐन्सी का अभाव है जिस के कि कारण से वह अराजकता और एनार्की को रोकने में असफल रहा है। आज चारों तरफ जो राज्यों के साथ एक सामजस्य नहीं पैदा हो रहा है, एक तारतम्य नहीं पैदा हो रहा है उस के पीछे भी मैं समझता हूं कि नौकरशाही की इनएफिशिएन्सी का ज्यादा हाथ है।

मेरे कुछ दोस्तों ने कहा कि गवर्नर सैन्ट्रल गवर्नमेंट से आदेश ले कर चलते हैं। मैं समझता हूं कि मेरे वह दोस्त अपना इस तरीके का प्रचार करके जो सारी वह खुद गलतियां राज्यों में करते हैं और जो उन की कमजोरियां रहती हैं यह कह कर केन्द्रीय सरकार पर दोष मढ़ना चाहते हैं। यह बात कह कर गवर्नर सैन्ट्रल गवर्नमेंट से आदेश लेकर चलते हैं वह केन्द्रीय सरकार पर सारा लांछन लाना चाहते हैं और यह आरोप लगाना चाहते है कि गवर्नर के द्वारा आप अमुक प्रदेश की गैर कांग्रेसी सरकार को गिरा रहे हैं जब कि ऐसी कोई बात नहीं है। मैं जानता हूं कि जब महामाया की सरकार बनी थी उस समय कांग्रेस की वहां पर साफ मेजारिटी थी और वहां भी महेश प्रसाद सिंह ने 162 आदमियों के नाम लिए थे मगर उस समय वहां के गवर्नर ने कांग्रेस के पक्ष में समर्थन न देकर भी महामाया प्रसाद की सरकार के निर्माण कराने में सहयोग दिया था। हम कांग्रेस वाले हैं और चूंकि कांग्रेस सत्ता में है इसलिए हम शिकायत नहीं करते हैं। लेकिन यह विरोधी दल वालों की एक टैकनिक होती है, प्रचार करने के लिए, और यह उन की साजिश होती है जिसको कि आप को समझना चाहिए और उस का मुकाबला करने के लिए आपके पास कोई माकूल योजना होनी चाहिए ताकि जो इस तरह का गलत और भ्रामक प्रचार करते हैं वह उस का नाजायज फायदा न उठा सकें।

अब यह दुर्गापुरा स्टील प्लांट में घटी घटना को ही ले लीजिए। यह ठीक है कि ला ऐन्ड आर्डर राज्य का विषय है और सी० आर० पी० को साधारण तौर पर सीधे वहां पर दखल नहीं देना चाहिए था लेकिन वह जो उन्होंने वहां दखल दिया तो उसके विशेष कारण और विशेष परिस्थितियां भी हो सकती हैं जिसके लिए कि वह बाध्य हो गए थे। लेकिन मेरे उधर के मित्रों ने जनता में यह प्रचार किया कि केन्द्र के लोग और केन्द्रीय सरकार ने इस तरीके से अपनी इस सी० आर० पी० के द्वारा जनता की भावना पर आघात किया है तो मेरा कहना है कि इस तरह के प्रचार का भी आप को मुकाबला करने के लिए कारगर योजना बनानी चाहिए।

Now there is another thing. We have been told that the Planning Commission has been trying to identify all the undeveloped areas in the country. It is good. Instead of leaving it to the States and the vagaries of group politics it is much better that the Central Government itself identify all the undeveloped areas and have some special Commissioner of the same status as other Commissioners to pay special attention to the development of all the undeveloped areas. Just now we have heard a silent gentleman who rarely talks, the hon Member from Ladakh. Now what he has said, we all heard. Only if time is given that will be repeated from the various areas of the country. Therefore, I suggest that a Special Commissioner should be appointed. A Special Commissioner may be appointed to pay special attention to all these undeveloped areas throughout the country.

Now only one point remains. That is the language of Hindi. I do not like to raise any controversy. They say 'one people, one language'. What was the language in those days? We used to call 'Hindustan Hamara'. Then Hindi came. But the Constitution uses the word 'India that is Bharat'. Therefore our official language should be Bharati, that is to say, Sanskrit. I ask the hon Minister, "Will you work for it ?" and conclude.

श्री वीरभद्र सिंह (महासू) : सभापति जी, मैं आपका आभारी हूँ कि आप ने मुझे गृह-मंत्रालय की मांगों पर बोलने का मौका दिया। गृह मंत्रालय हमारे देश का एक बहुत महत्वपूर्ण मंत्रालय है और इसके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेवारियां हैं, और आज देश में जो स्थिति पैदा हो रही है उस को देखते हुए इस मंत्रालय की अहमियत और भी ज्यादा बढ़ गयी है। 1967 के आम चुनाव के बाद हमारे देश के राजनीतिक चित्र में एक खास परिवर्तन हुआ है और जिस की वजह से राज्यों और केन्द्र के बीच में तनाव बढ़ा है। और आज यह मांग की जा रही है कि राज्यों और केन्द्र के बीच के मामलों में उन के आपसी रिश्ते के बारे में फिर से विचार किया जाये और राज्यों को और ज्यादा अधिकार दिये जायें। यह भी मांग की जा रही है कि संविधान के अन्तर्गत जो साधनों

का बटवारा राज्य और केन्द्र के बीच में होना है उसके बारे में फिर से विचार किया जाये। तो मैं समझता हूं कि हमारे देश में लोकतंत्र के लिये और देश की एकता के लिये यह बहुत जरूरी है कि राज्यों और केन्द्र के बीच में किसी प्रकार का तनाव न हो उनके बीच में अच्छे रिश्ते हों, उन के बीच में परस्पर सहयोग हो और अपने बीच में वह ठीक तरह से काम कर सकें। इसलिये मैं समझता हूं कि जितने भी यह तनाव के कारण हैं हमें कोशिश करनी चाहिये कि हम उन कारणों को शीघ्रातिशीघ्र दूर करें। मगर इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हम कोई भी ऐसा कदम न उठायें जिसकी वजह से केन्द्र कमजोर हो जाता है।

जहां मैं इस बात के हक में हूं कि राज्यों और केन्द्र के बीच जो तनाव है उसको जितना भी मुमकिन हो सके कम करने की कोशिश की जाये वहां मैं इस बात को भी चाहूंगा कि कोई भी ऐसा कदम न उठाया जाये जिससे कि केन्द्र कमजोर हो जाये। मैं समझता हूं कि एक सुदृढ़ और शक्तिशाली केन्द्र ही भारत की अखडता एकता को कायम रख सकता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि गृह मंत्रालय इस ओर ध्यान दे। अब समय आ गया है कि संविधान की धारा 263 में जिस इंटरस्टेट कौंसिल का प्राविजन किया गया है उस कौंसिल को बनाया जाये ताकि इस केन्द्र और राज्यों के रिश्ते के बारे में विचार कर सकें। जो भी झगड़े की बातें केन्द्र और राज्यों के बीच में हैं, जो भी तनाव की बातें हैं उन पर वह विचार कर सके और दूसरे भी जो राज्यों के अपने बीच में झगड़े हैं चाहे पानी का झगड़ा हो, चाहे सरहद के बारे में झगड़ा हो उन सब के ऊपर भी यह कौंसिल विचार कर सकती है। इस बारे में पहले भी कई दफा सदन के दोनों ओर से मांग की गई है कि उस कौंसिल का गठन किया जाये उसका निर्माण किया जाये। मैं समझता हूं कि समय आ गया है, जबकि इस बारे में बड़े गौर से और बड़ी गहराई से सोचना पड़ेगा, ताकि आगे चलकर राज्यों और केन्द्र के बीच में जो तनाव है और जो कि मैं समझता हूं कि आगे आने वाले समय में और भी उभरेंगे, वह तनाव कम हो सकें।

17·12 hrs

[श्री रा० ढो० भण्डारे पीठासीन हुए]

गृह मंत्रालय का और बातों के साथ साथ जो केन्द्र प्रशासित क्षेत्र हैं उन के साथ उस का सीधा सम्बन्ध है। मैं आज हिमाचल प्रदेश का पूर्ण राज्य की मांग के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। आप को मालूम है कि हिमाचलप्रदेश का गठन 15 अप्रैल 1948 को लगभग 30 पहाड़ी रियासतों को मिला कर हुआ था और शुरू से ही हिमाचलप्रदेश की जनता को अपने राजनैतिक भविष्य के बारे में कोई भी संदेह नहीं था। उस वक्त के उपप्रधान मंत्री और मिनिस्टर आफ स्टेट्स स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल ने हिमाचलप्रदेश की जनता को आश्वासन दिया था कि आगे चल कर हिमाचल प्रदेश को दूसरे राज्यों की तरह एक पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जायेगा। इस सिलसिले में सरदार वल्लभभाई पटेल ने डा० पट्टाभि सीतारमैय्या को जो एक मात्र लिखा था। सरदार पटेल ने 10 मार्च, 1948 को डा० पट्टाभि, सीतारमैय्या को पत्र लिखा था उस में से मैं कुछ अंश पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :

"The ultimate objective is to enable this area to attain the position of an autonomous province of India. This objective would be attained in two stages. The area will, in the first instance be administered by an Administrator, probaly an officers of the Chief Commissioner's status assisted by an Advisory Council consiting of Rulers and representatives of the people appointed in such a manner and with such functions as the Central Government may decide. Subsequently subjects to the decision of the Constituent Assembly it is proposed that the

[श्री वीरभद्र सिंह]

administration should be put in charge of a Lieutenant-Governor assisted by an Advisory Council, representing the Princes and a Legislature in the Province. In the final stage, after this area is sufficiently developed in its resources and administration, it is proposed that its constitution should be similar to that of any other province."

यह स्पष्ट आश्वासन स्वर्गीय सरदार पटेल ने हिमाचल प्रदेश की जनता को दिया था कि तीसरी स्टेज पर पहुंचने के बाद हिमाचल प्रदेश को दूसरे राज्यों की तरह एक पूर्ण राज्य बनाया जायगा। मैं आज गृह मन्त्रालय से और खास कर अपने गृह मन्त्री महोदय से अर्ज करना चाहता हूं कि स्वर्गीय सरदार पटेल ने हिमाचल प्रदेश की जनता को जो आश्वासन दिया था उस आश्वासन को वह पूरा करें। जितनी भी शर्तें उन्होंने लगाई थी, हिमाचल प्रदेश ने उन शर्तों को आज पूरा कर दिया है।

श्रीमान्, जब भी हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्य का सवाल आता है तो आम तौर पर तीन बातें सामने रक्खी जाती है। एक रकबा दूसरी आबादी और तीसरी फाइनेंशियल वाएबिल्टी की। अब जहां तक रकबे का सवाल है मैं बतलाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश आज रकबे में पंजाब हरियाणा और केरल राज्यों से बड़ा है। हिमाचल प्रदेश का रकबा 22000 वर्गमील है जोकि इन तीनों राज्यों से बड़ा है। मैं नागालैंड की बात ही नहीं करता वह तो एक जिले के बराबर है। जहां तक आबादी का सवाल है आज हिमाचल प्रदेश की आबादी 30 लाख के लगभग है जोकि जम्मू और काश्मीर की आबादी के बराबर ही है। जहां तक यह रकबे और आबादी की दलीलें है मैं समझता हूं कि यह दलीलें आज काम नहीं करतीं। मैं समझता हूं कि गृह मंत्रालय भी इस बात को मानता और समझता है कि आज इन दो दलीलों में कोई भी वजन नहीं है। पिछले दिनों में जब यह मामला राज्य सभा में उठा था उस समय माननीय विद्या चरण शुक्ल जी ने अपने भाषण में इस बात को माना था कि जहां तक आबादी और रकबे का सवाल है यह अब कोई महत्वपूर्ण प्रश्न नहीं है। अब सिर्फ प्रश्न यह है कि एकोनामिक वाएबिल्टी की शर्त पूरी होती है या नहीं! एकोनामिक वाएबिल्टी की शर्त अगर पूरी होती है, तो हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बना लेंगे। सिद्धान्त: भारत सरकार ने इस बात को मान लिया है कि अगर यह शर्त पूरी हो जाये तो हम हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बनायेंगे। श्री शुक्ल ने 9 अगस्त, सन् 1968 को राज्य सभा में जो भाषण दिया था उस में से कुछ अंश मैं यहां पर कोट करना चाहूंगा :

> We have full sumpathy for the demand (that is the demand for statehood) We do not want to hold back statehood for Himachal Pradesh for a day longer than necessary. As a matter of fact, it is our firm policy to help Himachal Pradesh with financial resources as quickly as possible and once the financial resources become equal to their requirements and they obtain the condition of financial viability we would not hesitate to give it Statehood.

इस से सीधा मतलब यह है कि जहां तक सिद्धान्त का सवाल है भारत सरकार ने इस बात को मान लिया है कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बनाया जायेगा। सवाल सिर्फ फाइनेंशियल वाएबिल्टी का है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि हमारा यह दावा है कि फाइनेंशियल वाएबिल्टी के लिये जो भी शर्तें हैं आज हम उन को पूरा करते हैं। हिमाचल प्रदेश आज उसी मापदंड से फाइनेंशियली वाएबुल है जिस से कि दूसरे राज्य हैं। वैसे तो क्या आज कोई भी ऐसा राज्य है जिसको आप कह सकते हैं कि वह सही मायनों में फाइनेंशियली वाएबुल है?

कोई भी ऐसा राज्य देश में नहीं है जो कि अपनी ही आमदनी से अपने प्रदेश का खर्चा चला रहा है। हिन्दुस्तान के सारे राज्य चाहे वह मद्रास हो, यू० पी० हो, अथवा मध्यप्रदेश हो जम्मू कश्मीर और असम की तो मैं बात ही नहीं करता, उन को तो 70–80 फीसदी तक सैंट्रल ग्रान्ट मिलती है, लेकिन मैं और दूसरे बड़े बड़े राज्यों की बात करता हूं, कोई भी राज्य ऐसा नहीं है जो कि दावा कर सके कि वह अपने पांव पर खड़ा है वह अपनी ही आय-दानी से अपना खर्चा चला सकता है। इस माने में अगर फाइनेंशियल वाएबिल्टी को बहुत ज्यादा खींचा जाये तो फिर हमारा देश भी फाइनैंशियली वाएबिल नहीं है। हम बड़ी-बड़ी अन्तर्राष्ट्रिय सस्थानों–,वर्ल्ड बैंक और रूस अमरीका आदि देशों से कर्जा लेकर अपनी विकास योजनाओं को चला रहे है, इसलिए मैं समझता हूं कि फाइनेंशियल वाएबिल्टी की बात को ज्यादा खीचना एक उचित बात नहीं है। हिमाचल प्रदेश भी उतना ही फाइनेंशियली वाएबुल है जितने कि दूसरे राज्य हैं और हम यह चाहते है कि एक पूर्ण राज्य बनाने के बाद आप हम को उसी स्तर पर और उन्हीं शर्तों पर कर्जा और अनुदान आदि दीजिये जैसे कि आप दूसरे राज्यों को देते है। यही हमारी आप से दरख्वास्त है।

श्रीमान् जहाँ तक पूर्ण राज्य की मांग है यह कोई एक व्यक्ति विशेष की मांग नही है, एक राजनैतिक दल की मांग नहीं है बल्कि यह हिमाचल प्रदेश की समस्त जनता की मांग है, सारी राजनैतिक पार्टियों की मांग है। इस वास्ते मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जब हिमाचल प्रदेश में विधान सभा नही थी जब वहां पर क्षेत्रीय परिषद् थी उस वक्त भी वहां पर टैरिटोरियल कौंसिल ने इस बारे में सर्वसम्मति से रेजोल्युशन पास किया था। उसके बाद हिमाचलप्रदेश विधानसभा ने भी सर्वसम्मति से इस विषय में रेजोल्युशन पास किया है जिसमें केन्द्रीय सरकार से और इस माननीय सदन् मे मांग की गई है कि हिमाचल प्रदेश की जनता की इस मांग को जल्द से जल्द स्वीकार करें।

श्रीमान, एक प्रश्न हमेशा उठाया जाता है कि अगर हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बनाया जाय तो दूसरे केन्द्र प्रशासित प्रदेशों का क्या होगा ?

मणिपुर में क्या होगा, त्रिपुरा में क्या होगा, गोआ में क्या होगा, इत्यादि। इस बारे में सब से सहले मैं यह कहना चाहता हूं कि आप हिमाचल प्रदेश को दूसरे केन्द्र प्रशासित प्रदेशों के साथ इक्वेट नहीं कर सकते। उनके समकक्ष नहीं रख सकते। क्योंकि शुरु से ही भारत सरकार ने यह माना है कि जहां तक हिमाचल प्रदेश और विंध्य प्रदेश का सवाल है वह दूसरी यूनियन टेरिटरीज से अलग है।

जिस दूसरी बात की तरफ में इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं वह यह कि जितने केन्द्र प्रशासित राज्य हैं उनका निर्माण भिन्न भिन्न राजनैतिक तथा एतिहासिक कारणों से हुआ था। अलग अलग कारण थे और उनके भविष्य का फैसला करने के लिये उनको एक ही थैली में नहीं डाला जा सकता। उन का समाधान अलग अलग तरीकों से करना होगा। मणिपुर की जनता क्या चाहती है, गोआ की जनता क्या चाहती है, दूसरे केन्द्र प्रशासित राज्यों की जनता क्या चाहती है, इसके बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है। उन की मांगों के बारे में सरकार को सोचना चाहिये, लेकिन जहां तक हमारी जनता का सवाल है, वह पूरी आशा लगाये हुए हैं, और भारत सरकार की शीघ्रातिशीघ्र उन की मांगों को पूरा कर के पूर्ण राज्य का दर्जा देना चाहिये।

अन्त में मैं यह जरूर कहना चाहूँगा कि जहां पूर्ण राज्य की हम मांग करते हैं वहां पर

[श्री वीरभद्र सिंह]

हम भारत सरकार के और गृह मंत्री जी के आभारी भी है कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश की तरक्की के लिये, उसको आगे ले जाने के लिये, बहुत मदद की है, बड़ी उदारता से मदद की है। मगर साथ साथ हम समझते हैं कि हम बीस साल तक नाबालिग रहे। हिन्दुस्तान के कानून के अनुसार भी 18 साल के बाद नाबालिग बालिग बन जाता है। हम भी अब बालिग हो गये हैं। हम चाहते हैं कि अपने घर के इन्तजाम अब हम खुद चलायें। इस की वजह यह नहीं है कि हमें भारत सरकार पर विश्वास नहीं है या उन के ऊपर हम को कोई नाराजगी है। बल्कि हम चाहते है कि हम को बालिगाना हक मिले और अपना काम हम खुद चलायें।

इन शब्दों के साथ में मत्र लय की मांगों का समर्थन करता हूं

श्री केवार पास्वान (रोसेरा) : सभापति महोदय, में सदन का बहुत आभारी है कि मुझे बोलने का मौका मिला, लेकिन में श्री चव्हाण का भी आभारी हूं जिन्होंने गरीबों पर सहानुभूति नहीं दिखलाई। मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान मे 50 प्रतिशत बेईमानी और भ्रष्टाचार पुलिस के द्वारा होता है। जो गरीब दूसरों के खेत में काम करने के लिये नही जाते हैं उन को वह रात दिन तग करती है। धनिकों का पक्ष लेकर पुलिस चौबिसों घटे दफा 109 या दूसरी दफाओं मे उन को तग करने के लिये तैयार है, जिस का मैं उदाहरण दे रहा हूं। बिहार में दरभगा जिले में एक थाना बहेड़ी है जिसके अन्तंगत नडोगा गांव है वहां एक जमींदार गांव के एक हरिजन को जबर्दस्ती 379 में फंसा कर ले गया और पुलिस ने उस को जेल में रख दिया। इसी तरह से बिहार के बहेड़ी थाना में हाबी भौआर गांव है, वहां के एक हरिजन को जबर्दस्ती फसा कर रख दिया। इस तरह से 50 फीसदी बेईमानी पुलिस कर रही है। इस के लिये हमारे श्री चव्हाण कुछ नहीं कर रहे हैं।

मेरा कहना यह है कि जितने सांपद-सदस्य हैं, चाहे वह किसी भी पार्टी के हों, अगर वह पुलिस द्वारा बेईमानी या डकैती की रिपोर्ट करते हैं तो उन की जांच कौन करता है ? वही इन्स्पेक्टर और दरोगा। मगर जहां दही होना है वहां बिलाई भडारी नहीं हो सकती। संसद-सदस्य के लिखने पर इन्स्पेक्टर या दरोगा एन्क्वायरी करें यह बात मेरी समझ में नहीं आती। चव्हाण साहब को इस के लिये दूसरा इन्तजाम सोचना चाहिये। अगर किसी मुकदमे में पुलिस चार्जशीट दे और कोई संसद-सदस्य या कोई विधायक उस के बारे में कोई लिखा पढ़ी करता है तो उस मुकदमे में भ्रष्टाचार निरोध समिति द्वारा जांच कराई जाये।

आज हमारे देश में भाषा का बड़ा भारी झगड़ा चल रहा है। एक आदमी कहता है कि यह भाषा चलनी चाहिये। दूसरा आदमी कहता है कि यह भाषा चलनी चाहिये। मैं उन सबका विरोध करता हूं क्योंकि इस देश की भाषा हिन्दी है। सारे देश की मातृ-भाषा हिन्दी है। अगर कोई और भाषाओं का सवाल उठता है तो इस से देश खण्ड खण्ड हो जायगा। इस से देश की अखण्डता बढ़ेगी नही। आज सारे देश में हिन्दी भाषा ही रखनी चाहिये। अगर यह न माना जाय तो देश के सब प्रान्तों की अपनी अपनी भाषा को मान्यता दी जाये तो बिहार में दो करोड़ निवासियों की भाषा मैथिली को अवश्य मान्यता मिलनी चाहिये।

आज देश में जो सब से बडी बेईमानी हो रही है वह यह कि जो गरीब तबके के आदमी हैं उन को खाना ठीक से नहीं मिलता है। चौकीदार की तन्खवाह तो है 17 रुपये और उस के अफसर की तन्खवाह है 1750 रु०। जिस रूप में यह बात चल रही है आखिर कब तक उसी तरह से चलती जायेगी ? मैं चाहता हूं

कि आप को वेतनों में इस प्रकार से सुधार करना चाहिये कि किसी को भी 17 रु० नहीं मिलने चाहियें। आज तो 17 रु० में 17 सेर चावल भी नहीं मिलता है। वह रात दिन पहरा देता है, गश्ती लगाता है। इतने कम रुपयों में उस का काम कैसा चलेगा ? श्री चव्हाण को इस पर सोचना चाहिये।

इस के बाद मैं जिस को हिन्दुस्तान में ब्लाक कहते हैं उस के बारे में कहना चाहता हूं। वहां बी० डी० ओ० इतना अत्याचार कर रहे हैं। हम लोग लिखते लिखते थक गये। बिहार में राष्ट्रपति शासन हो गया था। बिहार में नित्यानन्द कानूनगो थे उन्हें नित्यानन्द न कहा जाय, उन्हें अनित्यानन्द कहा जाय। इतनी** उन्होंने की। बिहार की सरकारें उन्होंने कई बार तोड़ दी केन्द्रीय सरकार की इजाजत से। बीच में सरकार बनी उस को तोड़ दिया। इस लिये उन्हें अनित्यानन्द कहा जाय।

सभापति महोदय : आप को और जो कुछ कहना हो वह कहें लेकिन गवर्नर के बारे में कुछ न कहें।

श्री केदार पास्वान : वहां पर पहले गवर्नर का शासन था इस लिये क्यों नहीं कहेंगे ?

सभापति महोदय : आप कह सकते हैं, उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिये।

श्री केदार पास्वान : आज आप देखिये कि इस देश में गरीबी की क्या हालत है। आज पुलिस को चोरी करनी पड़ती है। पुलिस की तनख्वाह आज 150 रु० है, लेकिन उस के बड़े अफसर की तन्ख्वाह बहुत ज्यादा है। आज देश में वेतनक्रम इस तरह से होना चाहिये कि 100 रु० से कम नहीं और 1,000 रु० से ज्यादा नहीं। आज हमारे देश में....

SHRI Y. B. CHAVAN : Sir, I think that remark about the Governor was uncalled for.

AN HON. MEMBER : Uncharitable.

SHRI Y. B. CHAVAN : He was making a very drastic allegation against the Governor who should not be discssed on the floor of the House. I request you to think about expunging those remarks.

SHRI MANUBHAI PATEL (Dabhoi) : He said**

It is unparliamentary and so it should be removed from the records.

SHRI Y. B. CHAVAN : He is a highly respected person in public life. He was a Member of this hon. House. He was a Minister here and he was Governor of another State. I think to make such lighthearted remarks about a respected person is not very good.

MR. CHAIRMAN : That word may be expunged from the records.

श्री केदार पास्वान : सभापति महोदय, मेरा कहना यह है कि आज इस देश में किसी आदमी के पास 2,000–4,000 बीघे जमीन है और किसी के पास थोड़ी भी जमीन नहीं है। इसलिये हमारी उपज बहुत कम है। मैं चाहता हूं कि जमीन का सामान बटवारा कर दिया जाये। जैसे पहले एक आदमी के पास 40 बीघे से ज्यादा जमीन नहीं होना चाहिये ऐसा कानून पास किया गया था, उस को ही लागू कर दिया जाये। आज किसी के पास 500 बीघे है, किसी के पास 1,000 बीघे और किसी के पास 2,000 बीघे है, और नौकरी भी उसी के आदमी को मिलती है। इसलिये देश में बेकारी बढ़ रही है कि जमीन भी उसी आदमी के पास है और नौकरी भी उसी के आदमी के पास है। आज यह नियम कर दिया जाना चाहिये कि जिस आदमी के पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन

****Expunged as ordered by the Chair.**

[श्री केदार पास्वान]

होगी उस आदमी को सरकारी नौकरी चाहिये। इसी तरह से हमारे यहा बेकारी दूर हो सकती है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि हम सब को रोजी रोटी देंगे और सब के घर में दीप जलायेंगे। लेकिन आज दीप जलने के बदले किसी के घर में भगजोगनी भी नहीं जलती। किसी को आज खाने को अनाज नहीं मिल रहा है और किसी के घर में अनाज सड़ता है। आज इस के लिये हमारे खाद्य मंत्री कोई इन्तजाम नहीं कर सके है।

DR. P. MANDAL (Vishnupur) : Sir, I thank you for giving me time to speak on the Home Ministry's demands. In my speech on the budget, I have spoken about cutting the expenditure on the departments. So, I request the Home Minister to curtail extravagant expenditure on administration. Thereby the additional taxation of Rs 150 crores will be minimised and there will be no deficit of Rs. 250 crores.

Police administration is there to help the people and give protection, but nowadays the police are only used for threatening. The police should be trained to help the public and make themselves friends by their cordial behaviour. If theft and burglary take place in rural areas, the people do not bring it to the notice of the police, because they know that they will get no help from the police. Rather they will be tortured and forced to supply foods etc. Border police are much-more corrupt. In the checkposts, corrupt practice is going on rampantly. The purpose for which the border police and other police are posted in checkposts is not served. Most of them are running behind corrupt practices. So, I request the Home Minister to look into this matter seriously. There is a proverb in Bengali.

"ये सरिशा दिये भुत ताड़ान हच्छे सेई सरिशार भितर भुत ढुके छे।"

Ghost is driven away by mustard, but ghost is within the mustard. So, nothing appreciable is coming out by the above arrangement, because the police is not serving national interest.

State-Centre relations should be cordial. There is a hue and cry in the press daily that the relation is not cordial. The States want more power. Proper thought should be given to this issue in the near future, so that non-Congress governments do not think that they are treated step-motherly. It is an urgent need of the day.

I come to welfare of backward classes. The weaker sections and scheduled castes and scheduled tribes are harassed too much nowadays. Several examples of torture have been discussed on the floor of the House. Yet, these tortures are coming in repetition. Proper attention should be given to this matter, so that such things may not happen in the near future and thereby the weaker sectinos feel secure and safe. *Satabdi* celebrations of the Father of the Nation are coming. He had devoted his whole life for the removal of torture of these weaker sections who have been down-trodden But no such programme has been taken up to solve even the acute problems. Water-supply and minimum land for housing are not yet available to these classes. Untouchability is still prevailing even in the birth place of Mahatma Gandhi, ie. Porbander in Gujarat. From the papers we come to know that Government is trying to do so many things for the welfare of these backward classes, but the Government is not interested in their implementation.

In Government service the percentage of reservation in paper or in advertisements is all right. But, in actual recruitment, they are served with letter of regret that they are technically unfit. This is the misfortune of the backward classes.

Recently there was a circular from the Home Ministry to all the Ministries that there will be reservation in class II and class I post for Scheduled Tribes and Castes on promotion. But several cases have come to notice where this circular is not strictly followed or adhered to. I have myself brought

several cases to the notice of the Social welfare Ministry for necessary action. It is specifically mentioned in the circular that if members of the Scheduled Castes or Tribes are not promoted in those reserved vacancies the reason for the same has to be reported to the Home Ministry. May I know whether the Home Minister has ever received any such papers from other Ministries ? There are several cases where members belonging to the Scheduled Castes and Tribes have been denied promotion even in reserved vacancies. If the Home Minister so desires, I am prepared to supply him the relevant papers for taking necessary action. If he does not show any interest in the implementation of this circular then the only conclusion will be that it is only an eye-wash on paper. So, I would request the Home Minister to post one Scheduled Caste or Tribe member in the UPSC, selection committees of the various Ministries for promotion, State Public Service Commissions and Railway Service Commissions to look after the interest of the backward classes; otherwise, these circulars will remain only on paper.

Then, there should be reservation for scheduled caste and scheduled tribe members in the various corporations, public sector undertakings, private industries, import and export business, transport etc. Otherwise, their economic condition cannot be improved.

Then, giving *khas* land to landless labour will not solve their problems. In addition to land, they should also be given monetary help so that the owner of the gift land may purchase bullocks and meet the expenditure for one harvesting season. Otherwise, the scheme will be a total failure. Because, the labourers earn their livelihood by daily labour. If they work in their own fields, from where will they get money for buying food until the harvesting season. So ? both land and monetary help have to be given, and that too as a grant and not as a loan. Then alone will the scheme be a success. So, I would request the Government to consider carefully the loopholes and defects in the scheme.

Then I come to the question of stipends to members of the backward classes. Pre-matric stipend is not given to all students beloging to the Scheduled Castes and Tribes in West Bengal. Then, even to those to whom it is given it is not given in time; it is very much delayed. The amount of post-matric stipend should be increased. I have received a letter from the Principal of Ramananda College, Bishnupur that he has not yet received stipends for the students even thought ten months have passed. As a result, the boys are not able to pay their dues to the college hostel and the Principal is in great difficulties. I would earnestly request the Minister to expedite the payment so that such difficulties may not arise in future. When there is an arrangement for advance payment of stipend to medical and technical students, I do not know why that facility may not be extended to arts and science students also. This advance money will be ajdusted in final payment this arrangement was there when disbursement was done from the Centre, but after giving the power of disbursement to the States, such difficulty is arising in West Bengal at least. I know it from the inception of the transfer. So, please do the needful so that the difficulty of students and the Principal may go immediately.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभापति जी, मैं अपने कुछ उन मित्रों से सर्वथा सहमत हूं, जिन्होंने कहा है कि भाषा के प्रश्न को लेकर देश में इस प्रकार के वातावरण का निर्माण नहीं करना चाहिए जिससे देश की एकता पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव पड़े । परन्तु साथ ही साथ में यह बात भी गृह मंत्री से निवेदन करना चाहता हूँ कि हमारे देश में जिस समय संविधान में राजभाषा का प्रश्न आया था और सर्वसम्मति से हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था उसी दिन से यदि अपेक्षित प्रयत्न प्रारम्भ से किये गये होते तो यह प्रश्न इतना न उलझाता । इस समय स्थिति इस प्रकार की है कि देश में सात राज्य ऐसे हैं जिन्होंने उसी भाषा के माध्यम से अपने प्रांत का काम करना शुरू किया है जिसको संविधान में राज भाषा माना गया है । लगभग चार-

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

पांच राज्य ऐसे हैं, जिनमें पंजाब, कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा शामिल है, जिन्होंने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है-अपनी प्रांतीय भाषाओं में अपने प्रांत का काम करते हुए। तो इस दृष्टि से जब इतने बड़े क्षेत्र ने राजभाषा के रूप में हिन्दी को स्वीकार कर कर लिया है तो फिर गृह मन्त्रालय का निश्चित रूप से यह दायित्व हो जाता है कि उस के विकास के लिये अपेक्षित रूप से प्रयास प्रारम्भ करे। अभी गृह मन्त्रालय से जो प्रतिवेदन हमें मिला है, इसमें लिखा है कि अब तक लगभग 2 लाख 19 हजार कर्मचारियों को हिन्दी का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मैं अगर भूल नहीं करता हूं तो ये 2 लाख 19 हजार कर्मचारी वे हैं जो हिन्दी भाषी राज्यों के निवासी नहीं है। केन्द्रीय सरकार की नौकरी में 24 लाख के लगभग कर्मचारी हैं, इन में से चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को निकाल दे तो इन की संख्या लगभग आधी-12 लाख के लगभग रह जाती है। दो लाख 19 हजार कर्मचारी वे हैं, जिनको विधिवत आपने हिन्दी का प्रशिक्षण दिया है और इन से लगभग दुगने वे हैं जो प्रारम्भ से ही हिन्दी जानते हैं। जब केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में आधे कर्मचारी वे हैं जो हिन्दी की परीक्षायें पास कर चुके हैं, जिनको हिन्दी का प्रशिक्षण देने पर करोड़ों रुपया खर्च किया गया है तो इस अनुपात से आधा काम राजभाषा में प्रारम्भ होना चाहिये था, लेकिन इस प्रतिवेदन को देखने से इस के सम्बन्ध में कोई जानकारी हम को नहीं मिली।

एक और सुझाव मैंने कुछ दिन पहले गृह मन्त्रालय को दिया था और कई बार इस सदन में उसकी चर्चा भी हुई है। जब आप हिन्दी को इस देश की प्रमुख राजभाषा के रूप में स्वीकार कर चुके है तो इस में आपको क्या आपत्ति है कि संसद में जितने अधिनियम या विधेयक आयें वह मूलपाठ के रूप में दोनों भाषाओं में आयें। गृह मन्त्री जी ने इस विषय में अपने मन्त्रालय के द्वारा कुछ अनुसंधान भी कराया था कि क्या दुनिया के किसी देश में इस प्रकार की व्यवस्था है कि जहां अधिनियम या विधेयक दो भाषाओं में आते हैं सभापति जी ! कनाडा में इस प्रकार की स्थिति है, वहां दो भाषाओं में आ. हैं। जब वहां दो भाषाओं मे मूलपाठ आते हैं, तो उसी प्रकार की स्थिति हमें इस संसद में भी स्वीकार कर लेना चाहिये। जिस समय राजभाषा के रूप में सारे देश में हिन्दी चल पड़े, उस समय केवल हिन्दी में ही आयें। परन्तु जिस समय तक ऐसी स्थिति नहीं है, उस समय तक दोनों भाषाओं में प्राधिकृत पाठ के रूप में आयें, केवल अनुवाद के रूप में न आयें। इस समय राजभाषा विधायी आयोग के अन्तर्गत तमाम पुराने कानूनों का हिन्दी अनुवाद हो रहा है। लेकिन जो इस समय नये कानून पास हो रहे हैं वह अंग्रेजी में पास हो रहे हैं। उन का फिर से हिन्दी अनुवाद करके सरकारी गजट में प्रकाशित करना पड़ेगा, मैं चाहता हूं कि इस विपरीत परम्परा को प्रारम्भ न कर के, यदि अभी से ही उन का प्राधिकृत पाठ हिन्दी में भी आ जाय तो अधिक अच्छा होगा।

अभी हमारे एक मित्र ने कहा कि हिन्दी का वह स्वरूप होना चाहिये, जिसे हिन्दुस्तानी कहते हैं। दक्षिण भारत के हमारे कुछ मित्र कहते हैं कि हिन्दी का वह स्वरूप होना चाहिये जो संस्कृत के अधिक निकट है। दक्षिण के लोग उस हिन्दी को स्वीकार करते हैं जो संस्कृत के निकट है। पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश का कुछ हिस्सा और कुछ हिस्सा हैदराबाद का उस हिन्दी को स्वीकार करता है जो उर्दू और फारसी के अधिक निकट है। मैं चाहता हूं कि भाषा के स्वरूप पर किसी प्रकार की खेंचतान नहीं होनी चाहिये। भाषा अपने स्वरूप को मंजते-मंजते अपने आप निर्धारित कर लेती

है। मैं तो उस हिन्दी को भी हिन्दी कहने के लिये तैयार हूं जिसमें कोई आदमी कहे–मैं संडे–मॉर्निंग को स्टार्ट हो रहा हूं। कम से कम मैं और हो रहा हूं तो उस में हिन्दी के हैं। आगे चल कर वह धीरे धीरे अपना स्वरूप स्वयं बना लेगी। मैं हिन्दी का इस प्रकार का कट्टर और कठमुल्ला समर्थक नहीं हूं जो हिन्दी के साथ उस के शब्दों और उस के स्वरूप के सम्बन्ध में कोई खेंचतान प्रारम्भ से ही करना चाहते हैं। शब्दों के साथ ज्यादा छेड़छाड़ न की जाय। भाषा को अपना स्वरूप स्वयं बनाने का अवसर दिया जाय।

दूसरी बात मैं कश्मीर के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। काश्मीर राज्य के सम्बन्ध में गृह मंत्री जी को जानकारी है कि अभी कश्मीर की जो वर्तमान सरकार है, उस की दुर्बल नीति का लाभ उठा कर फिर कुछ घुसपैठिये काश्मीर राज्य के अन्दर आने प्रारम्भ हो गये हैं। यह जानकारी भी आपको है कि काश्मीर राज्य में कुछ इस प्रकार के कर्मचारी हैं जो पाकिस्तानी तत्वों का समय-समय पर समर्थन करते रहते हैं। उदाहरण के लिये श्रीनगर जेल से कुछ पाकिस्तानी कैदी भाग गये। हमारी सी० आइ० डी० श्रीनगर के आसपास चक्कर काटती रही। लेकिन वह सीधे पाकिस्तान चले गये और वहां जा कर उन्होंने समाचार दिया कि हम तो यहां पर आ गये हैं, क्यों तुम श्रीनगर के आसपास परेशान हो रहे हो।

शेख अब्दुल्ला ने नई विष-वमन की नीति अख्तियार की है और फिर से विषाक्तता लाने का प्रयास प्रारम्भ किया है। मैं चाहता हूं कि इस के लिये काश्मीर समस्या का कोई स्थायी समाधान होना चाहिये। मेरी अपनी दृष्टि में काश्मीर का स्थायी समाधान यह है कि काश्मीर को एक पृथक टुकड़े के रूप में न रखा जाय। मैं भारत सरकार की उस नीति का कट्टर विरोधी हूं कि चन्द लाख लोगों के अलग अलग प्रांत बना कर खड़े किये जायें और इस तरह से देश को छोटे छोटे टुकड़ों में बांटा जाय। विशेष कर सीमावर्ती राज्यों में, सीमावर्ती क्षेत्रों के कुछ लाख लोगों के प्रांत बनाने की प्रवृत्ति को मजबूती के साथ रोकना चाहिये। इस के लिये मेरा अपना सुझाव यह है जैसा अभी हमारे एक मित्र हिमाचल प्रदेश को बड़े व्यवस्थित शब्दों में एक स्वतन्त्र राज्य बनाने की कल्पना कर रहे थे, वह क्षमा करें, मेरा अपना विचार तो है कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-काश्मीर और पंजाब-तीनों को मिलाकर एक मजबूत इकाई के रूप में सीमावर्ती सुदृढ़ राज्य का निर्माण किया जाय। यह बात दूसरी है कि जैसे महाराष्ट्र विधान सभा का अधिवेशन कभी बम्बई में होता है तो कभी नागपुर में होता है, उसी तरह से इन का अधिवेशन भी कभी शिमला में हो जाया करे, कभी श्रीनगर में हो जाया करे। इस से चण्डीगढ़ की समस्या का भी हल हो जायगा। हरियाणा वाले भी चण्डीगढ़ के लिये लड़ रहे हैं, उनको चण्डीगढ़ दे दीजिये। इधर उन को यह शिमला और श्रीनगर मिल जायगा। दोनों ही पहाड़ी स्थान हैं और ठण्डे प्रदेश हैं। इस लिये एक सीमावर्ती मजबूत राज्य की स्थापना वहां पर होनी चाहिये।

एक बात मैं केन्द्र और राज्यों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। केन्द्र और राज्यों के सबध में विशेष रूप से–सभापति जी–मुझे कहने की आवश्यकता यों पड़ी कि मध्यावधि निर्वाचनों ने देश के सामने एक प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा कर दिया है? अनुमान यह था कि पिछली संविद सरकारों का लाभ उठा कर इन राज्यों में फिर से कांग्रेस अपना स्थान बना लेगी। उत्तर प्रदेश में जैसे तैसे जोड़ तोड़कर कांग्रेस ने सत्ता अपने हाथ में ले ली है, नहीं कहा जा सकता, कब तक वह चल सकेगे? लेकिन बाकी राज्यों में परिणाम ज्यों का त्यों रहा। उन में अभी भी भिन्न भिन्न दलों की सरकारें बनी हैं। कभी राज्यपाल को लेकर, कभी रिजर्व पुलिस

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

को लेकर, कभी रेडियो को लेकर उनमें भी झगड़े शुरू हो गये हैं। अभी तो प्रारम्भ ही है, आगे चल कर इस की परिणति कहां होगी, कहा नही जा सकता ? लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि आप जो जनतन्त्र में आस्था रखनेवाले दल है समय रहते उन का सम्मेलन बुलाइये और इन परिवर्तित परिस्थियों में देश के जनतंत्र की रक्षा कैसे करनी है, इस विषय में कुछ मजबूत निर्णय लें।

मुझे बडी प्रसन्नता हुई–भूतपूर्व कांग्रेस अध्यक्ष–श्री कामराज ने मद्रास के प्रांतीय कांग्रेस के अधिवेशन का उदघाटन करते हुए इस प्रकार का सुझाव दिया है कि बजाय इस के कि 1972 के बाद जब केन्द्र में कांग्रेस का बहुत बहुमत नहीं होगा, तब इस पर विचार हो, अभी समय रहते इस पर विचार किया जाय। 1970 में राज्य सभा में भी कांग्रेस का बहुमत समाप्त होने वाला है। उस के बाद यहां से विधेयक पास हो कर वहां जाया करेंगे और फिर वहां से यहां वापस आयेंगे। क्या आप रोज–रोज जवाइन्ट सैशन बुलाया करेंगे। आज मौका है कि आप इस समस्या पर विचार करें और इस का निदान ढूढें ताकि हमारे जनतन्त्र के लिये इस प्रकार कोई गंभीर समस्या पैदा न हो।

एक बात शांति और व्यवस्था के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं और विशेष रुप से अपने प्रदेश–उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। प्रधान मन्त्री जी को मैंने एक पत्र लिखा है, जिसकी प्रतिलिपि मैंने गृह मन्त्री जी को भी भेजी है। उस पत्र में मैंने बताया था कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार ने सत्ता सम्भालते ही किस तरह से राजनीतिक बदले लेने प्रारम्भ कर दिये हैं। वहां की विधान सभा के सदस्य इस प्रकार के पत्र लिख रहे हैं। पटियाली एटा जिले का एक निर्वाचन क्षेत्र है, वहां से श्री तिरुमल सिंह ने मुझे पत्र लिखा है कि मेरे मारने के लिये, कत्ल करने के लिये कुछ लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। मेरे सहयोगियों पर मुकदमे चलाये जा रहे हैं। चौधरी चरण सिंह मेरठ जिले के जिस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं–आपको जानकर आश्चर्य होगा–300 व्यक्तियों के खिलाफ़ वहां पर रिपोर्टें दर्ज हैं। उन 300 व्यक्तियों मे एक हमारे संसद के सदस्य श्री रघुवीर सिंह शास्त्री की धर्मपत्नी का का नाम है। उन का अपराध यह था कि वह बेचारी निर्वाचन के दिन अपना मत देने के लिये अपने गांव चली गई और सायंकाल अपने पति के साथ लौट कर चली आई। इस प्रवृत्ति से क्या राज्य में शान्ति और व्यवस्था कायम रह सकेगी। मैं इस बात का भी समर्थन नहीं करता कि मुजफ्फरनगर में जिस कांग्रेसी प्रत्याशी की हत्या हुई थी-उस को अच्छा कहूं। यह मेर स्वभाव के विपरीत है। लेकिन तथ्यों की तह में जाना चाहिये।

मेरा कहना है कि उत्तर प्रदेश में जितनी इस प्रकार की घटनायें हो रही हैं–अभी गोरखपुर के अन्दर भारतीय क्रांति दल के दो कार्यकर्ताओं की हत्या एलेक्शन के बाद में हुई है। उसके सम्बन्ध में आप एक निष्पक्ष न्यायाधिकरण की नियुक्ति करें जो कि इन सारी घटनाओं की तह में जा सके। राजनीतिक बदले की भावना से यदि इस प्रकार की प्रवृत्तियां प्रारम्भ हो गई और जनता ने शांति और व्यवस्था का अधिकार अपने हाथों में ही ले लिया तो मेरा अनुमान है कि प्रांतीय सरकार को भी कठिनाई पड़ेगी और केन्द्रीय सरकार को भी कठिनाई पड़ेगी। आज इस बात को मिल कर सोचने की बड़ी आवश्यकता है।

एक बात मैं राज्यों के पारस्परिक झगडों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। केन्द्रीय सरकार की कुछ ऐसी नीति बनती चली जा रही है कि इस प्रकार के विषयों को टालो, टालो,

टालो, शायद अपने आप भूल जायेंगे, लेकिन मैं कहता हूं कि वे और अधिक उग्र रूप में सामने आयेंगे। आज आप जो मैसूर-महाराष्ट्र का विवाद है उसको देख लीजिए, कृष्णा-गोदावरी विवाद को देख लीजिए, नर्मदा के विवाद को देख लीजिए या चंडीगढ़ विवाद को देख लीजिए। ऐसे सारे प्रश्नों को आप टालना चाहते हैं और यह समझते हैं कि लोग उनको भूल जायेंगे या उनके मस्तिष्कों की उग्रता समाप्त हो जायेगी। परन्तु मैं समझता हूं आप उनके मस्तिष्क की उग्रता को और प्रोत्साहन दे रहे हैं। इसलिए वीरता के साथ, बहादुरी के साथ आप इन प्रश्नों का समाधान कीजिए, उनका कोई न कोई हल ढूंढिये।

श्री स० मो० बनर्जी : एक विवाद और है-चन्द्रशेखर और मोरारजी का झगड़ा।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : वह उनका घरेलू झगड़ा है।

तो इन तमाम बातों को लेकर उनका समाधान कीजिए। इस प्रकार से इन समस्याओं को टालने की जो प्रवृत्ति है वह कोई समझदारी की बात नहीं है। उनका कोई न कोई हल आपको अवश्य ढूंढना चाहिए।

स्वतंत्र पार्टी के एक हमारे मित्र श्री लोबो प्रभू जिन्होंने गृह मन्त्रालय की अनुदानों पर चर्चा प्रारम्भ की थी, उन्होंने एक बात कही जिससे मुझे थोड़ा कष्ट हुआ। उन्होंने कहा कि इस देश में बहु-संख्यकों को अल्प-संख्यकों पर अविश्वास करने की आदत सी होती जा रही है। मैं नहीं समझता उन्होंने यह बात किस आधार पर कही ? उन लोगों पर तो निश्चित रूप से अविश्वास है जो रहते तो यहां हैं, खाते-पीते तो यहां हैं, हवाओं में यहां की सांस लेते हैं लेकिन हित की कल्पना करांची की करते हैं या पीकिंग की करते हैं। उन लोगों पर निश्चित रूप से अविश्वास है। भारत में अराष्ट्रीय कार्य करनेवाले कुछ विदेशी क्रिश्चियन मिशनरीज, जिनमें पादरी फेरर हों या कोई और हों, उनकी आलोचना तो होती है परन्तु क्या कभी आपने देखा कि भारत के अल्पसंख्यक पारसियों की भारत के किसी कोने में आलोचना हुई हो ? कारण यह है कि उन्होंने इस देश के राष्ट्रीय जीवन में अपने को इतना आत्मसात कर लिया है कि किसी प्रकार की कोई कठिनाई पैदा ही नहीं होती। आलोचना तो केवल उनकी होती है जो कि यहां पर हमारी राष्ट्रीयता को धर्म प्रचार की आड़ में चुनौती देते हैं। इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि 1968 के अन्त में हमारे देश में 6,393 विदेशी इसाई प्रचारक हैं। गांधी जी ने लिखा था कि जो विदेशों से मिशनरी यहां पर आकर काम करते हैं उनकी सेवा उसी प्रकार की है जैसे मछली पकड़ने वाला कांटे के अगले हिस्से में आटा लगाकर तालाब में डालता है। उस में उसका उद्देश्य मछली का पेट भरना नहीं होता है बल्कि उसके पीछे उसका उद्देश्य कुछ और ही होता है। तो इस प्रकार से जो लोग धर्म परिवर्तन की आड़ में राष्ट्रीयता में भी परिवर्तन करना चाहते हैं, मेरा कहना है कि उन व्यक्तियों को यहां से हटाना चाहिए। विदेशी धर्म प्रचारकों के स्थान पर, जबकि भारत में ही इसाइयों की इतनी संख्या है, उन्हीं में से आप उन धर्म प्रचारकों की पूर्ति क्यों नहीं करते हैं ? विदेशी प्रचारकों में ही ऐसे कौन से लाल लगे हैं कि उन्हीं को बुलाकर आप प्रचार करना चाहते हैं।

अन्त में दो एक बातें विशेष रूप से और कहना चाहता हूं। एक बात कहूंगा मद्यनिषेध के सम्बन्ध में। यह गांधी शताब्दी का वर्ष है। इस वर्ष में सन 64 की टेकचन्द कमेटी की रिपोर्ट पर आपने निर्णय लेना है। मेरा कहना है कि या तो आप हिम्मत से कह दीजिए कि गांधी जी ने जो हमको तीन काम दिये थे, खादी का, मद्यनिषेध का और हिन्दी की प्रगति

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

का, उनके आदर्शों से हम हट रहे हैं। ताकि देश जान तो ले कि आप कहां खड़े हुए हैं। एक ओर तो आप गांधीजी का नाम लेते हैं और दूसरी ओर गांधीजी के आदर्शों की हत्या कर रहे हैं। याद रखिए, 1969 के इस वर्ष में जोकि गांधी शताब्दी का वर्ष है, यदि आपने मद्यनिषेध के सम्बन्ध में किसी प्रकार से अपनी निश्चित नीति की घोषणा नहीं की, जिसको सविधान में भी आप प्रतिज्ञा कर चुके हैं। उसके लिये भले ही आप गांधीजी की जय के नारे लगाते रहें परन्तु निश्चित रूप से देश यही कहेगा कि आप गांधीजी का नाम तो लेते हैं लेकिन गांधीजी के कामों से बहुत दूर जा चुके हैं। इसलिए इन समस्याओं पर आपको विचार करना चाहिए।

अन्त में एक बात और कहकर समाप्त करूंगा। मेरे पास लगभग 14 केसेज इस प्रकार के हैं जिनमें सघ लोक सेवा आयोग ने अवैध रूप से नियुक्तियां की हैं। उन केसेज को मैं निजी रूप से गृह मन्त्री के पास भेजूंगा। मेरा कहना यह है कि संघ लोक सेवा आयोग की निष्पक्ष निर्णय की प्रवृत्ति होनी चाहिए। उस पर किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं होना चाहिए। उसकी पवित्रता बराबर बनी रहे, इस दिशा में भी आपको प्रयत्नशील रहना चाहिए।

SHRIMATI ILA PALCHOUDHARI (Krishnagar): I thank you Sir, for giving me time to participate in this discussion.

The Home Ministry's demands for grants are being discussed today in a shaow. What is happening in West Bengal today and viciates the atmosphere there, I do not suppose, reaches Delhi,

I am very happy that the Ministry has increased the grants under the Central Reserve Police, under the Border Security Forces and also under the Central Industrial Security Force which has been newly created. I congratulate the Home Minister. This was entirely necessary. What is happening to the people in West Bengal can be realised when I say that when the students go and break up the B. Sc. examination, the Police stand by. When squatters go and occupy the banks of the canals of the irrigation works, the Police simply stand by. When people are threatened to leave their houses within twenty four hours or be killed, the Police stand by. "We are very sorry", they say, "but we can do nothing." What is the attitude of the Government over there ? We say that the State-Centre relations should be cordial. How can it be cordial when things like this are said at public meetings ? I will quote one or two choice bits for the knowledge of the House. In public meeting, Shri Jyoti Basu has said the other day that "the movement in Pakistan is welcome and the people of Bengal should join hands with them." Secondly the joint convener of the United Front Shri Sudhin Kumar said "We have conquered Bengal, we will soon conquer Delhi." Thirdly, Shri Narain Das of the SSP said, "Our next move would be to overthrow the present Central Government in Delhi."

SHRI GEORGE FERNANDES : What is wrong with that ? (*Interruptions*).

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI : When these "sort of things are said, it is time that all forces that lead to peace for the people should be strengthend. My submisson is that the police force must be under independent control, and not under political control. They must protect; and maintain, law and order. The Central Reserve Police should on no account be withdrawn from West Bengal.

I have brought to the notice of the Chief Minister of West Bengal 35 cases of murders and arson having taken place and all the answer that I have got from him is "I am asking the appropriate authorities to examine these cases". That is all ! (*Intrruptions*) When it is an acute case of people getting killed, the "appropriate authority" should have examined them and taken some decision by this time.

SHRI S. M. JOSHI (Poona) : All these cases occurred when you were in power.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHARI : No, after you and the U. F. Government came to Power. I have cited 35 cases of murder and arson, there are many more.

AN HON MEMBER : It should open your eyes.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHRUI : Yes it is true, it should open their eyes. While the Government are looking into it, many more people are getting Killed !

One point I would like to bring to the notice of the Home Minister. (*Interruption*). You have your own time. You can contradict me later if you can, but I will give you the facts. I would just like to bring to the notice of the Minister that I come from a border area. What is happening in Pakistan and what is the attitude of the Government there ? The borders must really be secure and I would request that the Border Security Forces may be strengthened still further without any delay. Sir, already Pakistan flags are being distributed in the border areas, though some of these have, I am glad to say, been burnt, and not accepted ! When you make the Border Security Forces stronger.which you must do, please look to the border roads because the Border Security Forces in Nadia have told me that should anything happen, some of the border roads are so impassable that they cannot be used effectively if there is even a slight shower of rain. Both Pakistan and China have all weather roads to the borders of India. We need all-weather roads wherever we have our border with China and Pakistan.

Secondly I wish to bring to the notice of the Minister a vital problem. There are minority communities in my area living on the borders. They are honest and loyal citizens of India. They have asked for India citizenship. It has gone through vicissitudes because citizenship has some technical difficultes. There may be some difficulties–I do not know. However, they should feel secure, they should feel secure to live in India and there should not be any harassment and if they ask for citizenship, that should be granted without any delay. I would appeal to the hon. Minister that when I bring specific cases, I hope he will kindly look into them, and see that citizenships asked for are given we want the minority Community, the Muslims, to feel secure, with every right as Indian citizens safe guarded for them, Then, Sir, I want to say that the U. F. Government has made a very funny suggestion, the other day. The subject of corruption is being talked about so much from the opposition benches.

18 hrs.

But what have the UF Government in West Bengal said about it ? About Anti-corruption tribunal, it is stated that there was a controversy over the matter and at the UF sitting held on Sutarday they said that they wanted to take a lot of time to consider the setting up of such an anti-corruption tribunal. In contrast to that, what has our Government done in the Centre ? The Central Bureau of Investigations, I must say, must be congratulated. Because. Sir, they have gone into cases of corruption. Upto date they have got 50 Government servants, including 2 gazetted officers and 57 private persons, convicted and Rs. 1,24,302 has been levied as fines. On top of that, there are departmental punishments, in 238 cases, There were 297 public servants including 49 gazetted officers who were punished, as they deserved. That shows the attitude of the congress Government and of the U. F. Government. The U. F. Government would wish to take a lot of time to consider the matter of eradicating corruption, while the Congress Government at the centre has taken action.

Next, I would like to bring to the Home Minister's notice the accumulation of cases in the courts. It is really a hard thing for the public. Government have given some statistics in answer to my question and certain information has been furnished on the Floor of the House I would like to bring to the Minister's notice that there are 3,56,831 cases pending in the courts and in the Calcutta High Court 61,541 cases are pending. This is a very great hardship if cases are not disposed of quickly. Mr, Justic J. C. Shah, the Judge of the Supreme Court of India has made a remark that the whole judicial system would break down unless the

[Shrimati Ila Palchoudhrui]

cases are disposed of quickly. I hope the hon Home Minister will find some way of doing it. A good number of the cases are incometax cases and I would like to bring to the notice of the House that income-tax arrears as on 1st April 1968 stood at Rs. 374.52 crores and this includes, Rs.79 61 crores as arrears out of demand made during 1967-68. If all these arrears are collected most of our fiancial difficulties would be over. Justice should be dispensed quickly. Sir, justice delayed is justice denied.

AN HON. MEMBER : As it is in U. F. Government in Bengal.

SHRIMHTI ILA PALCHUDHURI Yes I agree with that. Next I would like to make a point regarding the freedom fighters who have given their lives for the country. Now, they get a certain pension. These pensions are very paltry sums. I think most of them get Rs. 30 or even less. We have our freedom fighters who have been disabled, some of them are blind; some of them are living in utter poverty. They have given their all for India, I know of a number of persons whose pensions are going to end in June or July, If the Government Servant1969. gets a pension for life, should not a freedom-fighter get his pension as long as he lives ? I hope this will be done.

And, lastly, Sir, about the cellular jail in the Andamans. This has remained in the memory of the people for a long time. I would appeal to the Home Minister that the cellular jail in the Andamans should be treated as a national monument because there, the future generations could go and get new inspiration. For the love of India, men have been sent there who have given their lives. The cell of Vir Savarkar is preserved there. The cell where Beren Ghose, the great revolutionery of Bengal lived is also there. There are variours freedom-fighters from Bengal and India, who have suffered sentences in the cellular jail. Their names should be written in letters of gold on stone and not on a black-board with white paint, as has been done.

